# विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का डिप्टी सीएम ने दीप प्रजवलित कर किया शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला आधे अधूरी तैयारी के साथ मुख्य मंच सज धज कर तैयार रहा, जहां प्रशासन के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बुधवार के शाम बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा,सहित बिहार सरकार के विभागीय मंत्री, सांसद, विधायक के मौजूदगी मे दीप प्रजवलित कर सरकारी स्तर पर लगने वाली 32 दिवसीय के विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र मेला का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत मंचासीन मंत्री, विधायक ने उपस्थित लोगो को संवोधित किया। उद्घाटन के पूर्व सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व अंग बस्त्र, बाबा हरिहरनाथ के प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दे कि विगत कई सालों से इस मेले का या दस्तूर बन गया है कि उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री तथा विशाल पंडाल तो सज धज कर तैयार हो जाता है लेकिन सरकारी एवं गैर सरकारी प्रदर्शनी का निर्माण होते रहता है। सबसे बड़ी बात है कि मेले के समापन के कुछ दिन शेष रहने तक मेला में लगाई गई सरकारी प्रदर्शनी का उद्घाटन होता है। हर साल मेले के उद्घाटन और समापन के दौरान मेले को विकसित और समय से लगायी गयी प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बड़े बड़े दावे करते हैं लेकिन इस बार भी यह दृश्य मे कोई परिवर्तन होते नहीं दिखाई पड़ रहा है ।

विहार सरकार के उप मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी ने विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला उद्घाटन के पश्चात उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह एतिहासिक जगह है.जब अखंड भारत का सपना देखा गया.जब अकबर आए, बाबू वीर कुवँर सिंह आए और घोड़ा खरीदे.यह धार्मिक स्थान है यहाँ का पशु मेला देखने पहले जो आते थे एक एक महीना ठहरते थे. सोनपुर मे बाबा हरिहरनाथ के नाम पर एक कोरीडोर बनायेंगे ताकि लाखो लोग आएगें।अब सुविधा बढा है।मेला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनना चाहते है।दस हजार एकड़ मे भव्य शहर सोनपुर मे बसाना चाहते है।भारत सरकार और विहार सरकार मिलकर 25 हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है.जितना भी सुझाव आएगा आपको विश्वास दिलाता हूॅ खजाना खोल देंगे। वही उप मुख्य मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा आज बड़ा ही पवित्र दिन है।जिन लोगो ने सांस्कृतिक विरासत को ठहरा दिया है वह अब



जागेगा।बंधुआ मजदूर के तरह लोग जुबान बंद रखते थे लेकिन यह लोकतंत्र की धरती है।यहाॅ बंधुआ मजदूर अब कोई नही रहेगा.आज विरासत जगा जिसका सबसे बड़ा योद्धा भगवान राम विराज रहे है।वाराणसी की तंग गलिया देखिए आज कैसा हो गया।मै जिलाधिकारी को धन्यवाद देता हूॅ कि मैने कहा और वह तैयार हो गए, हरिहर नाथ महोत्सव का शुरुआत किजिए।अपने नीज गौरव पर अभिमान करने की जरूरत है। ये माँ जानकी, पटन देवी की भूमि है।मै ज्यादा नही बोलता क्योकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री नीतीश कुमार काम मे विश्वास करते है, नीतीश कुमार के आने के बाद नकारात्मक सोच बदला है।यह पशु मेला के रूप मे सदियो से जाना जाता है।इसी वर्ष से बदलेगा स्वरूप जो दिखाई देगा।अब बिहारी गाली नही बनेगा, अब बिहारी सब पर भारी पड़ेगा।विरासत और विकास दोनो की ताकत एनडीए सरकार मे है।तुष्टीकरण अब नही चलेगा. अब सकारात्मक भाव अपने मन मे लान होगा।उन्होने योगी आदित्यनाथ और नरेंद्र मोदी जी की प्रसंशा की।जबकि जिला प्रभारी मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा मै यहाँ का प्रभारी मंत्री और सोनपुर के दमाद होने के पहले एक कृषक और पशुपालक भी हूॅ.पिछले वर्ष से बेहतर ब्यवस्था इस वर्ष की गई है.आप हमे सुझाव दे सकते है उसपर निश्चित रूप से अमल किया जाएगा। मंत्री पर्यटन एवं उद्योग नीतीश मिश्रा ने कहा कि विहार की छवि को सवारने की जिम्मेदारी हमारे विभाग पर है.हमारे संस्कार मे है अतिथि देवो भव॰ ,हम विचार कर रहे है कि किस तरह राष्टीय स्तर पर ले जाए।पर्यटन विभाग से जो सम्भव होगा वह विभाग के तरफ से किया जाएगा।मुख्य मंत्री और प्रधान मंत्री के नेतृत्व मे विकासात्मक कार्य हो रहा है।सुझाव देने के लिए साल भर समय है।उद्घाटन समारोह का समय सुझाव देने का समय नही है वही राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा.दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला एक विरासत है इस विरासत को बचाकर रखना सरकार की जिम्मेदारी है।जब पर्यटन विभाग को हस्तांतरित करता हूॅ तो उम्मीद करता हूॅ कि पिछले वर्ष से बेहतर हो, सरकार के मंत्री होने के कारण यह कबूल करता हूॅ कि पहले से कमी आई है.उन्होंने डीएम को स्पष्ट रूप से कहा कि आपके कारण हमलोगो की बेज्जती बदनामी होती है, तो सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी, मेले के एतिहासिक विरासत को वापस लाया जाएगा और बचाया जाएगा, मेले की ब्यवस्था मे अगर कमी है तो कल से सुधार की जाए। सोनपुर विधायक डा.रामानुज प्रसाद ने कहा यह हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का उद्घाटन सत्र है सभी का अपने क्षेत्र मे स्वागत करता हूॅ। विधायक डॉ.रामानुज ने कहा सोनपुर के लोगो की आशा और अपेक्षा पूरा करने का काम मंत्री महोदय करेंगें।मेला धार्मिक अध्यात्मिक सांस्कृतिक महत्व का है तो रोजी रोटी से भी जुड़ा हुआ है। विधायक जनक सिंह, डा.सीएन.गुप्ता, विधान पार्षद वीरेंद्र नारायण यादव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह निदेशक पर्यटन विनय राय सारण के आयुक्त गोपाल कृष्ण मीना,सरण जिला पदाधिकारी सारण अमन समीर,पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कुमार आशीष सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## चार कार्टून अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर पांडेय छपरा गांव के समीप गश्ती के दौरान रसूलपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक विष्णु देव तांती ने एक बाइक पर लदे चार कार्टून अंग्रेजी फरूटी शराब बरामद किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बाइक को जब्त कर बाइक सवार शराब के तस्कर मांझी थाना क्षेत्र के कटोखर गांव निवासी विशाल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। रसूलपुर थाने की पुलिस गिरफ्तार शराब तस्कर से आवश्यक पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## सीओ राहुल शंकर के कार्यों से राजस्व विभाग की रैंकिंग में एकमा अंचल जिले लगातार दूसरी बार नंबर वन

### बीते माह की रैंकिंग में प्रदेश में एकमा का 11वां स्थान था, जो इस माह 8वें पर आया

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत जारी रैकिंग में राजस्व एवं भूमि सुधार से संबंधित कार्यों को समय पर निपटारा करने के चलते सारण जिले का एकमा अंचल जिले में अक्टूबर माह की नवंबर में जारी हुई रैंकिंग में भी लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान है। जबकि राज्य स्तर पर एकमा अंचल को 8वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि इसके एक माह पहले सितंबर माह वाली अक्टूबर माह में जारी हुई रैंकिंग रिपोर्ट में एकमा अंचल में को सूबे में 11वां व जिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इसको लेकर एकमा के अंचलाधिकारी राहुल शंकर को डीएम व एसपी ने भी हौसला अफजाई करते हुए बधाई दी है।

## वर्चस्व की लड़ाई में मारपीट, तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक जंक्शन परिसर पर मंगलवार की रात 10 बजें आपसी वर्चस्व को लेकर मारपीट में 3 लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायल दक्षिण टोला गांव निवासी विकास कुमार उम्र 19 वर्ष और अमित कुमार उम्र 32 वर्ष पिता रामचन्द्र राय और अरना बाडोपुर गांव निवासी अरविंद कुमार उम्र 32 वर्ष पिता देवनाथ राय के रूप में हुई। मौके पर रेल पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंच जांच-पड़ताल की। वहीं घायलों ने बताया कि दोनों का आपसी रिश्तेदारी हैं उसी में किसी लड़की से प्रेम प्रसंग हैं उसी में रोकने को लेकर विवाद हुआ जिसमें मारपीट की घटना हुई।

## सोनपुर मेला स्थित कृषि विभाग की भूमि पर कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र पशु मेला स्थित कृषि विभाग के भूमि पर 32 दिनों तक सरकारी स्तर पर कृषि प्रदर्शनी के निर्माण पर प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च की जाती है। कृषि प्रदर्शनी उद्घाटन के दौरान मंत्रियों द्वारा जो आश्वासन दिया जाता है वह सपना बन कर रह जाता है। सोनपुर मेला आदिकाल से लगता चला आ रहा है। आजादी के सात दशक गुजर गए लेकिन सोनपुर मेला मे पर्याप्त भूमि रहने के बावजूद सरकार के तरफ से सोनपुर मेला को राष्टीय मेला घोषित नहीं किया गया। सोनपुर मेला के नखास में लगभग चार एकड़ भूमि कृषि विभाग की है जिसमे कृषि प्रदर्शनी लगती है।मेले मे आये किसानो ने बिहार सरकार से मांग किया कि किसानो के लिए नये नये तकनीकी की जनकारी मिले इसके लिए सोनपुर कृषि विभाग के भूमि पर कृषि महाविद्याल एवं किसान प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाए।

## मशरक में 12 प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय मुख्यालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में पैक्स मतदान को लेकर नामांकन कक्ष बनाया गया है। नामांकन के पहले दिन बुधवार को अध्यक्ष पद पर 12 व कार्यकारिणी सदस्य पद पर 28 नामांकन हुआ। अपने-अपने समर्थकों के साथ पहुंच निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार के समक्ष नामांकन का पर्चा भरा। बता दें कि मशरक में पैक्स चुनाव दूसरे चरण में 27 नंबर को होगा। इसके लिए नामांकन 13 से 16 नवंबर तक होना है। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि मशरक के 13 पंचायतों में पैक्स का मतदान होने वाला है। जिसमें 27 बूथों पर 19024 मतदाता मतदान करेंगे। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया को लेकर मनरेगा भवन और प्रखंड कार्यालय सभागार में काउंटर बनाएं गये हैं। नामांकन प्रक्रिया में बीसीओ श्री कांत, पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी समेत अन्य को लगाया गया हैं। वहीं पुलिस भी दल बल के साथ मौजूद रहीं।

## मारपीट में तीन महिलाओं समेत 10 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में तीन महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए। घायलों में वनवारी अमनौर गांव की प्रमिला देवी, राजेश शर्मा, अमित शर्मा, शोभन छपरा गांव के वकील यादव, पांडेय छपरा गांव के मुनिल राम, इटहरी गांव की महिमा तिवारी, जैतपुर गांव की लगनी कुमारी, विकास कुमार, विनोद राय समेत 10 लोग शामिल है। बताया जाता है कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कराया गया।

इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# सोनपुर मेला मे विदेशी सैलानियों के लिए बन कर तैयार हुआ स्विच कॉटेज

### स्विज कॉटेज का चार्ज 3000 रुपये प्रतिदिन देसी पर्यटकों व 5000 रुपये विदेशी पर्यटकों के लिए

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** एक माह तक सरकारी स्तर पर लगने वाली हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला को भव्य बनाने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा कई सारी तैयारियां की गई है। मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक पंडाल और आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण कराया गया है। मेला क्षेत्र के सांस्कृतिक पंडाल में अस्थायी पर्यटक सूचना केंद्र का भी निर्माण किया गया है, जहां पर्यटक गाइडों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा मेला क्षेत्र के हॉस्पिटल रोड मे पर्यटन ग्राम बनाया गया है जिसमे अत्याधुनिक सुविधायुक्त छह स्विस कॉटेज का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही पटना से सोनपुर जाने के लिए स्पेशल टूर पैकेज भी उपलब्ध कराया गया है। स्विस कॉटेज की दर




न्यूनतम रखी गई है, जिससे अधिक-से-अधिक पर्यटक इसमें ठहर कर मेले का आनंद उठा सकें। इन कॉटेजों में फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पर्यटकों के लिए फैमिली टूर पैकेज (एक रात व दो दिन) तैयार किया गया है। इसके लिए 6,000 रुपये (दो व्यक्ति तथा दो बच्चे) देने होंगे,कॉटेज का चार्ज 3000 रुपये प्रतिदिन देसी पर्यटकों के लिए जबकि 5000 रुपये प्रतिदिन विदेशी पर्यटकों के लिए रखा गया है। सभी कॉटेज डबल बेड के हैं और अटैच बाथरूम होगा। इसमें फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं होंगी। इसके तहत इटियोस एसी वाहन मुहैया कराया जायेगा। इसके अलावा टूरिस्ट गाइड, ठहरने, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर, स्नैक्स और पानी के साथ पर्यटक ग्राम में रात्रि विश्राम की सुविधा दी जाएगी। इस पैकेज में पर्यटन निगम कार्यालय से दोपहर 12 बजे वाहन सोनपुर के लिए प्रस्थान करेगा। पर्यटन निगम की वेबसाइट www.bstdc.bihar.gov.in पर टूर पैकेज की विस्तृत जानकारी दी गई है।पहले दिन हरिहरनाथ मंदिर में दर्शन व पर्यटक ग्राम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया जा सकेगा। एक दिवसीय स्पेशल टूर पैकेज आम पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह पैकेज दोपहर 12 बजे से संध्या सात बजे तक का होगा। इसके लिए एसी बस, विंगर, डेकर बस के लिए प्रति पर्यटक 900 रुपये, ट्रेवलर एसी से प्रति पर्यटक 950 रुपये, इनोवा (1100 रुपये प्रति व्यक्ति) और इटियोस (1300 रुपये प्रति व्यक्ति) का भुगतान करना होगा। इस पैकेज दूर के तहत पर्यटकों को वाहन, टूरिस्ट गाइड, स्नैक्स और पानी दिया जाएगा।

## मुखिया संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड मुखिया संघ की बैठक सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू के आवासीय परिसर में बुधवार को? प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू और मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मौके पर मुखिया डुमरसन बच्चा लाल साह, सत्येंद्र सिंह दुरगौली, दिलीप सिंह सेमरी, पप्पू सिंह बंगरा, वरूण यादव जजौली, डॉ जितेन्द्र सिंह मदारपुर,अशरफ अली कर्ण कुदरिया, धर्मेंद्र मांझी चांद कुदरिया, संतोष सिंह अरना समेत अन्य मौजूद रहें। मौके पर सभी ने कहां कि पंचायत में विकास कार्य को लेकर कोई भी पदाधिकारी



ध्यान नहीं दे रहे हैं। ऐसे में पंचायत में विकास कैसे होगा। इस संदर्भ में जल्द ही संघ के बैनर तले सभी मुखिया जिला के वरीय पदाधिकारियों से मिल कर अपनी बातों को रखेंगे। उसके बाद भी यदि इसी प्रकार का रवैया रहा तो आंदोलन का अगली रणनीति बनायी जायेगी। वहीं प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि सरकार पंचायतों में सरकार ने खेल मैदान बनानें की घोषणा की हैं जो मनरेगा से हैं जबकि यह योजना केन्द्र सरकार की हैं वहीं बिहार सरकार ने खेल के विकास को खेल मंत्रालय भी बनाई है पर खेल मैदान बनानें की योजना खेल विभाग से नहीं लाई है उन्होंने कहा कि खेल मैदान बनाने के लिए खेल मंत्रालय से योजना लाई जाए।

## भगवान विष्णु के प्रतिमा के नये बस्त्र पहनाकर की पूजा



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र के पावन भूमि पर पुरानी गंडक पुल के गज ग्राह चौक पर कार्तिक महीना के एकादशी के दिन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शहीद महेश्वर बाबू के भतीजा एवं समाजसेवी दीपक कुमार सिंह के द्वारा गजग्राह चौक सोनपुर मे विष्णु भगवान के मूर्ति को सफाई एवं स्नान कराकर नये वस्त्र पहनाया गया 7पूर्वजो के मानना था की आज ही के दिन से साधु संत मेला की शुरुवात करते थे 7बाजा बजाकर पंडित संतोष झा जी के द्वारा भगवान विष्णु के पूजा कराया गया एवं प्रसाद भी वितरण किया गया 7 मौके पर भाजपा के निवर्तमान नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, समाजसेवी रंजन कुमार सिंह,सिवेन्द्र प्रताप सिंह शिक्षक,नकुल कुमार सिंह, छोटु कुमार,आदित्य आनन्द उर्फ़ प्रिंस,मनीष कुमार, राजकिशोर सिंह,राकेश राय, अनुज कुमार सहित दर्जनों धार्मिक व्यक्ति शामिल हुए ।

# भव्य एवं भक्ति पूर्ण होगा भागवत कथा- जनार्दन सिंह सिग्रीवाल

### सभी सनातनी युवा मन योग से लगे हैं भागवत कथा के आयोजन में– शैलेंद्र सेंगर

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** भागवत कथा पूरे सारण के लिए ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगी, कथा अवधि में पूरा सारण भक्ति पूर्ण वातावरण से ओतप्रोत रहेगा। उक्त बातें वुधवार को मारुति मानस मंदिर में अगामी 20क्ष्26 नवंबर तक होने वाले भागवत कथा के लिए मुख्य संरक्षण मंडल द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए महाराजगंज की सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कही। कथा आयोजन 20 नवंबर से 26 नवंबर तक होगा, जिसमें अंतरराष्टीय ख्याति प्राप्त युग प्रवर्तक




क्रांतिकारी धर्म सम्राट यज्ञ पीठाधीश्वर विद्या वाचस्पति श्री श्री 108 महामंडलेश्वर स्वामी डॉक्टर इंद्रदेवईश्वरआनंद सरस्वती जी महाराज के श्री मुख से अमृत वचन की वर्षा होगी। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व राष्टीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र सेगर ने कहा कि आज से मारुति मानस मंदिर में प्रांगण भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हेतु तैयारी कार्य आरंभ हो गया है ।सभी सनातनी युवा पूरे मन योग से भागवत कथा हेतु लगे हुए हैं। सीपीएस के डायरेक्टर हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा सारण का मारुति मानस मंदिर में आयोजित भागवत कथा होगा।जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग पूरे मन योग से तन मन धन से इस धार्मिक कार्य में लगे हुए हैं ।पत्रकार वार्ता में जयंती राय, विवेक कुमार सिंह, बलवंत कुमार, सिंह, सुशील कुमार सिंह, पंकज कुमार सिंह ,अजय कुमार सिंह , अरुण पुरोहित, विजय मिश्रा , भरत सिंह सत्यानंद सिंह अर्धेंदु शेखर, दिलीप चौरसिया, इंजीनियर अश्वनी कुमार सिंह, अनिरुद्ध कुमार सिंह,राजनाथ सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य भी लोग उपस्थित थें।

## नौलखा मन्दिर सोनपुर में श्री महालक्ष्मीनारायण महायज्ञ मे अरणीमंथन कर किया गया अग्नि प्रज्वलित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थानम् नौलखा मन्दिर में चल रहे श्री महालक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दूसरे दिन जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य जी के नेतृत्व में अरणीमंथन हुआ। जिससे निकली अग्नि को यज्ञ कुंड में स्थापित कर आहुति दी गई। श्री लक्ष्मणाचार्य स्वामी जी ने बुधवार को बताया कि भगवान का मुख अग्नि रूप है, विश्व के पालन हार भगवान विष्णु व संपूर्ण चराचर को जीवंत करने वाले 33 कोटि देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के लिए यज्ञशाला में स्थापित हवन कुंड में अरणि मंथन द्वारा अग्नि प्रकट किया जाता है।वेद की ऋचाओं व मंत्रों के माध्यम से देवताओं का आह्वान करते हुए कहा कि यज्ञ से जगत का कल्याण होता है। सभी चराचर जीव जीवंत होते हैं। यज्ञ सनातन धर्म की वैदिक परंपरा है। यज्ञ से संपूर्ण पर्यावरण शुद्ध होता है। जिसका मुख्य उद्देश्य सर्वे भवन्तु सुखिन॰ सर्वे संतु निरामया॰ की जगत कल्याणकारी भावना परिलच्छित होती है।उपर्युक्त अवसर पर मन्दिर प्रबंधक नन्दकुमार रॉय सहित दर्जनों श्रद्धालू भक्त आनन्द सहित सम्मिलित हुए।

# बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो घायल, पटना पीएमसीएच में भर्ती

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा गांव में दो बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दो शख्स घायल हालत में इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराए गए, जहा से उनकी गंभीर हालत देख पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। घायल मशरक के बंगरा गांव निवासी विरेन्द्र प्रसाद और जेपी यादव हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों घायल एक ही बाइक पर सवार होकर घर जा रहें थे कि बंगरा में सामने से आ रहे बाइक सवार ने आमने-सामने टक्कर मार दी और बाइक छोड़ फरार हो गया वहीं दूसरी बाइक पर सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मंगलवार की हैं।

## अखंड अष्टयाम का हुआ समापन, सांसद महाराजगंज भी हुए शामिल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के पकड़ी गांव में काली स्थान के परिसर में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का हवन पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन से किया गया। काली स्थान परिसर में सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा आयोजित 24 घंटे के अखंड अष्टयाम में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल , बनियापुर विधानसभा प्रत्याशी विरेन्द्र ओझा,भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रध्दालुओं का जमावड़ा लगा रहा। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर ब्यवस्थापक भाजपा नेता संजय तिवारी, मुकेश कुमार मन्टू, जयकिशोर पाण्डेय, संतोष तिवारी, अजीत कुमार तिवारी, अमीत तिवारी, निकेश पाण्डेय, उमेश तिवारी, धीरज तिवारी समेत कई अन्य मौजूद रहें।



# सोनपुर मेला में दर्जनो कबीरपंथी शिविर का हुआ उद्घाटन

## सतगुरु कबीर साहेब के संतावादी विचार को अपना कर जीवन में उतरे इससे जगत का कल्याण संभव है

**सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला स्थित साधुगाछी में गुरुवार की संध्या दर्जन भर से अधिक कबीरपंथी समाज की ओर से लगाए गए शिविर का उद्घाटन हुआ जिसमे बिहार के विभिन्न जिला के अलावा कई राज्य से भारी तादाद में पहुंचे कबीरपंथी साधु संत विभिन्न शिविरों में डेरा डालकर समारोह मे भाग लिए। समस्तीपुर जिला के रोसरा स्थित लक्ष्मीपुर बगीचा की छावनी में आयोजित समारोह का उद्घाटन संत कबीर धर्म भारत के संरक्षक सह धनौती मठ के आचार्य आचार्य महंत शत्रुघ्न गोस्वामी ने उद्घाटन उपरांत कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में कबीर साहब के संदेश को चरितार्थ करने का बल दिया जायेगा। कबीर धर्म भारत के अध्यक्ष आचार्य महंत तुर्की के डॉ श्याम सुंदर शास्त्री ने मानव समाज में प्रेम भाव,आपसी सद्भाव एकता एवं सामान्य लाने की बात कही और सत्य के राह पर चलने का अनुरोध किया उन्होंने कबीर साहब के दोहा-- सत्य बराबर तप नहीं झूठ बराबर पाप। जाकर हृदय सांच है ताकि हृदय आप।। की बात कही वही संगठन के महासचिव सह आचार्य गधी बिदुपुर के महंत साहब रमेश दास ने अपने संबोधन में कहां की हमारा देश आज विभिन्न कारण से ग्रसित है अंधविश्वास जातिवाद संप्रदायवाद का खुल्लम-खुल्ला ढूंढ रचा जा रहा है जिससे समाज में विकृति पैदा हो रही है इससे मुक्ति का एक ही रास्ता है सतगुरु कबीर साहेब के संता वादी विचार को अपना कर जीवन में उतरे इससे जगत का कल्याण संभव है। कार्यक्रम की



अध्यक्षता रोसरा के महंत दीप नारायण साहब जबकि संचालन सीतामढ़ी कबीर आश्रम के महंत शशि भूषण दास ने किया। अपने अध्यक्ष के भाषण में दीप नारायण साहब ने कहा कि वर्ष 1990 से मैं अपने गुरु आचार्य महंत ठाकुरदास जी महाराज के साथ हरिहर क्षेत्र मेला आना प्रारंभ किया जो आज तक जारी है। दिन प्रतिदिन कार्यक्रम में बढ़ोतरी हो रही है समारोह को सहारनपुर के महंत सत्य स्वरूप दास वाराणसी लहरतारा के महंत ज्ञान प्रकाश साहब कोलकाता के महंत नरसिंह दास पटना के सुरेश साहब बेगूसराय सिमरिया के महंत धर्मदास संत भगवान को स्वामी महंत तपस्वी गोस्वामी आदि ने संबोधित किया वैशाली जिला से पहुंचे स्वार्थ दास ने अपनी मंडली के साथ भजन गाकर श्रोताओं का मनोरंजन किया। ज्ञात हो कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के साधुगाछी में काफी संख्या में कबीर पंथ समाज के सदस्य की भागीदारी रहती है स्नान दान एवं भंडारा इनका मुख्य कार्य होता है। प्रशासन के द्वारा विशेष व्यवस्था साधु संत, कबीर पंथीयों के लिए मेला मे नहीं होता है अन्य जगहों पर अनेक सुविधाए मिलती है।

# पोलियो अभियान की सफलता के लिए हुई बीएलटीएफ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** आगामी 17 नवम्बर से आयोजित होने वाले पल्स पोलियो के सफल आयोजन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक प्रभारी डॉ संजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ पंकज कुमार,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार,बीएमसी कुमुद रंजन समेत अन्य मौजूद रहें। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 17 नम्बर से किया जाएगा जिसका समापन 21 नवम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को 69 केन्द्रों पर 24 सुपरवाइजर और 17 ट्रांजिट टीम को लगाया गया है।

बीडीओ पंकज कुमार ने उपस्थित कर्मीयों को अभियान की सफलता को ग्रामीणों को जागरूक कर पोलियो की खुराक पिलाने को जागरूक करने को कहा। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रखंड के हर बच्चे को पोलियो मुक्त बनाना है। पोलियो से बचाव के लिए इस अभियान में सभी नागरिकों का सहयोग



जरूरी है। पोलियो

एक गंभीर बीमारी है जो जीवनभर का अभिशाप बन सकती है। इस अभियान में हर व्यक्ति की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों को पोलियो की खुराक दिलाना सुनिश्चित करना चाहिए। सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में हमारा साथ दें और अपने आसपास के बच्चों के पोलियो ड्रॉप्स दिलवाने के प्रति सजग रहें।

# सरकारी व निजी विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ मना बाल दिवस

### रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल नचाप धूमधाम से मनी चाचा नेहरू की जयंती

**दैनिक खोज** खबर/एकमा/मांझी (सारण)। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती गुरुवार को एकमा व मांझी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व निजी प्रारंभिक, माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई।इसी क्रम में नचाप गांव स्थित रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना व दीप प्रज्वलित कर हुई। समारोह का संचालन शिक्षक चंदन कुमार व पूजा सिंह ने किया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न समूहों में निबंध लेखन, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, क्विज कंपटीशन आदि प्रतियोगिताएं और नृत्य, एकांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की प्रस्तुति की गई। शिक्षक टीपी सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व पर कविता पाठ की प्रस्तुति की। कवि अरविंद श्रीवास्तव ने बाल दिवस पर भोजपुरी में काव्य पाठ की प्रस्तुति की। सांस्कृतिक कार्यक्रम व विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूल के चेयरमैन परमेश्वर सिंह, निदेशक राकेश कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक मुकेश कुमार सिंह, काउंसलर मनमोहन तिवारी, एडमिशन व एचआर इंचार्ज अरविंद श्रीवास्तव, शिक्षक तेज प्रताप सिंह, उमेश सिंह, संतोष कुमार सिंह, अभिजीत राय, संतोष ठाकुर, मोहम्मद आलम, ब्रजेश कुमार सिंह, सृजना राय, ज्योति सिंह, प्रवेश सर, शैलेश कुमार महतो, शिक्षक शिक्षकों के द्वारा छात्रा कृतिका सिंह आदि अन्य को ट्रॉफी, मेडल व चॉकलेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

# निजी स्कूलों में धूमधाम से मना बाल दिवस



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा** ।प्रखंड के निजी विधालयों में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। नगर के ग्रेस मिशन स्कूल में बाल दिवस पर इंटर हाउस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में खूब उत्साह दिखा। स्कूल के प्रचार्य दिलीप मैथ्यू ने कहा कि बाल दिवस पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन का एक प्रयास किया गया है । खेल से बच्चों को खुशी और मनोरंजन दोनों मिलता है वही वे शारीरिक रूप से मजबूत बनते है। वही तेजपुरवा स्थित अचिवमेंट पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस उपलक्ष्य पर स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने झूला, बिस्किट रेस, रेलगाड़ी खेल , कबड्डी , खो-खो , इंटर ऑर्बिटल, सुई - धागा दौड़ प्रतियोगिता , मार्बल स्पून रेस, बैलून फोड़, म्यूजिकल चेयर , शतरंज और बैडमिंटन में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्कूल के निर्देशक रंजन सिंह, सुमित कुमार, निवेदिता सिंह, मनीष सिंह, गौरव सिंह, संजना सिंह, प्रज्ञा सिंह, कन्हैया सिंह, प्रिया सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# दूसरे चरण के पैक्स चुनाव नामांकन के दूसरे दिन 12 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पैक्स चुनाव के नामांकन को लेकर प्रत्याशियों और उनके प्रस्तावक, गवाह और समर्थकों से खचाखच भरा रहा। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि प्रखंड के 13 पंचायतों में पैक्स चुनाव दूसरे चरण में 27 नवम्बर को होंगे। जिसको नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 9 और कार्यकारिणी सदस्य के लिए 23 ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा कि अब नामांकन पत्र भरने



की अंतिम तिथि 16 नवम्बर बचीं हैं उसके बाद दावा, नामांकन पत्र की जांच और चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। मौके पर बीसीओ श्री कांत, पंचायती राज पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी समेत अन्य मौजूद रहें।

# बड़वाघाट मेला में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

### ऐसी मान्यता है कि 'सगरो के नहान आ बड़वाघाट के गोरधोवान दुनो बराबर होला'

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बड़वाघाट गांव में घोघारी नदी के किनारे कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन गोरधोवान मेला में शांति व्यवस्था को लेकर गुरुवार को थानाध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में शिक्षक नेता संतोष सिंह , मुन्ना कुमार साह, दुरगौली मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, सरपंच मिथलेश सिंह, चंदेश्वर शर्मा, सुकेश पांडेय, मुकुल कुमार, मुक्ता सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहें। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि 16 नवम्बर को बड़वाघाट में घोघाड़ी नदी के किनारे गोर धोवान मेला के आयोजन को लेकर ग्रामीणों और मेला आयोजन समिति के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें मेला में शांति व्यवस्था और सुरक्षा पर चर्चा की गयी।

**कभी पियक्करो का मेला से मशहूर था बड़वाघाट का मेला:** मशरक थानाध्यक्ष ने बैठक में कहा कि शराब निर्माण, भंडारण और बिक्री गैर कानूनी है जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने ग्रामीणों से इस बुराई पर रोक लगाने में सहयोग का भरोसा लिया। उन्होंने कहा कि आप अपने गांव में अवांछनीय तत्वों की गतिविधियों की सूचना दे उनके द्वारा सूचना को गोपनीय रखतें हुए कारवाई की जाएंगी। वहीं उन्होंने कहा कि मेला में नशा करने वालों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

**श्रीराम अयोध्या से दुल्हा बनकर जब जनकपुर जा रहे थे तब यही रूके थे:** स्थानीय मुन्ना कुमार साह ने बताया ?कि यहां की मान्यता है कि भगवान श्रीराम अयोध्या से दुल्हा बनकर जब जनकपुर जा रहे थे तब यही रूके थे। तथा इसी नदी में अपना पैर धोए थे। जहां आज भगवान श्रीराम जानकी मंदिर है।

### मांझी पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

दैनिक खोज खबर/मांझी। गुरुवार की सुबह मांझी थाना क्षेत्र के ताजपुर चौक से मांझी पुलिस द्वारा भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद कर लिया गया है। उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सुबह लगभग चार बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ताजपुर चौक पर अपाची बाइक पर सवार दो व्यक्तियों द्वारा पीला रंग के बोरे में शराब लेकर किसी से बेचने के फिराक में है। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर पहुचा गया तो देखा गया कि दो व्यक्ति अपाची बाइक पर बोरे में कुछ लेकर खड़े है। जब नजदीक पहुचे तो उक्त व्यक्तियों द्वारा पुलिस को आते देख बोरे को फेक कर भागने लगे जिसको पुलिस बल के सहयोग से पीछा किया गया परन्तु पतला रास्ता का सहारा लेकर भागने में सफल रहे। जिसके बाद उक्त बोरे की तलाशी ली गयी तो उक्त बोरे से लगभग एक सौ उन्तीस लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। भागे हुए शराब कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के ड्यूमाईगढ़ निवासी कृष्णा यादव का पुत्र प्रेम यादव बताया जाता है। तथा भागे हुए एक अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# एसडीओ ने स्कूली बच्चों के बीच केक काट कर मनाया बाल दिवस

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** बाल दिवस पर मढ़ौरा प्रखंड के सिसवा रामपुर में मढ़ौरा एसडीएम डॉ प्रेरणा सिंह ने सरकारी विधालय के बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया। रसूलपुर के महादलित टोला स्थित नवसृजीत प्राथमिक विधालय में एसडीएम ने बच्चों के बीच केक काटा और उनके बीच कॉपी-कलम का वितरण कर उनको पढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी ताकत है और शिक्षा से ही बड़ा सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। किसी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। बच्चों से कहा कि वे नियमित रूप से विधालय आए, मन लगाकर पढ़े और बड़ा आदमी बने। इस दौरान एसडीएम ने उपस्थित ग्रामीणों को भी अपने बच्चों को पढ़ाने और रोज स्कूल भेजने की अपील की। हर व्यक्ति को सोचना है कि उनका बच्चा पढ़ेगा तभी वह कुछ करेगा। इस दौरान एसडीएम स्कूल ने स्कूल की व्यवस्था, पठन पाठन और एमडीएम की



भी मौखिक जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि बच्चें निच्छल होते है इसके बीच होना हमेशा सुखद होता है। मालूम हो कि 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षा, पोषण और सुरक्षात्मक वातावरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षित, स्वस्थ बचपन सुनिश्चित करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। यह बच्चों के पालन-पोषण के महत्व पर जोर देता है, जो दुनिया के भविष्य हैं। विश्व बाल दिवस का थीम विश्व बाल दिवस 2024 थीम इस वर्ष विश्व बाल दिवस की थीम हर बच्चे के लिए, हर अधिकार है, जो यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासों का आह्वान करता है कि सभी बच्चों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हों। इसमें शिक्षा, भोजन, आवास, स्वच्छता और हानिकारक काम से सुरक्षा का अधिकार शामिल है। ये वादे इस बात की याद दिलाते हैं कि सभी बच्चों को जिम्मेदार और सशक्त वयस्क बनने की गारंटी देने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। बाल दिवस मनाने में समाज एक ऐसा वातावरण बनाने की अपनी सामूहिक जिम्मेदारी को स्वीकार करता है जहां बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक पहुंच सकें।

# बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान।** अंदर प्रखंड मुख्यालय स्थित इम्मानुएल आवासीय स्कूल में गुरुवार को प्रशासक मनु वर्गीस की देखरेख में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस मौके पर प्राचार्या मिनी वर्गीस ने बच्चों से चाचा नेहरू के आदर्श पर चलने का आह्वान किया। मनु वर्गीस ने कहा कि बच्चे दुनिया के सबसे मूल्यवान संसाधन व भविष्य की आशा है। इस मौके पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाषण, गीत, संगीत, नाटक, नृत्य समेत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं प्राचार्या ने विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थित होनेवाले सपना शर्मा, अंकित कुमार, श्रेया सिद्धि, पूनम कुमारी, मोहिनी कुमारी, ऋषि कुमार एवं सूरज कुमार को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संजीव श्रीवास्तव, एसके पाल, विजय प्रसाद, शालिनी पांडेय, सरिता सिंह, विजय मिश्रा, सुजीत कुमार, राकेश कुमार, पवन सिंह समेत काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

# हाथ में हसिया लेकर डीएम ने की अगहनी धान की कटाई

**सिवान।** हुसैनगंज के खरसंडा राजस्व गांव में पहुंचकर डीएम ने अपने हाथों में हसिया लेकर अगहनी धान कटाई की। इस दौरान किसान रंजू शर्मा के खेत में फसल जांच कटनी 10 मीटर गुणा 5मीटर रकबा में कराया गया। फसल कटनी के उपरांत धान का वजन तथा नमी युक्त धान कमशः 20740 किलोग्राम तथा नमी 195 प्रतिशत पाया गया। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि एक हेक्टेयर रकवा में कुल उत्पादन 41.48 क्वींटल प्राप्त हुआ। जो पिछले वर्ष 2023-24 की तुलना में 4.98 क्विंटल/हेक्टेयर उपज इसवर्ष अधिक प्राप्त हुआ।

# आंगनबाड़ी केंद्र व जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच को पहुंचे जिलाधिकारी

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ हुसैनगंज प्रखंड के खरसंडा पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र व जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच की। सबसे पहले वे खरसंडा पंचायत में केंद्र संख्या 121 में समेकित बाल विकास सेवा परियोजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र सह जन्म-मृत्यु निबंधन केंद्र पहुंचे। आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने पाया कि 30 नामांकित बच्चों में से सिर्फ 16 बच्चे उपस्थित थे। परंतु उपस्थिति सभी बच्चों की बनाई गई है। इस पर उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका पुष्पलता से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। साथ ही अनुपस्थित सहायिका को चयन मुक्त करने का प्रस्ताव सीडीपीओ को देने हेतु निर्देशित किया।डीएम ने पदाधिकारियों के साथ अनुज्ञप्तिधारी (3/24) जफर इमाम के जन वितरण प्रणाली दुकान की जांच की। इस दौरान पाया गया कि जन वितरण प्रणाली दुकान में रखी गई पीओएस मशीन सही ढंग से कार्यरत नहीं है। प्रिंट नहीं निकल रहा था। अनाज के भंडारण के संबंध में जांच के क्रम में पाया गया कि स्टाक में अनियमितता है। इस संबंध में एमओ अरुण कुमार से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण स्थल व पैक्स गोदाम का लिया जायजा

**परवेज अख्तर/सिवान।**जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने खरसंडा पंचायत में अनीता देवी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले लाभ से निर्माणाधीन आवास के निर्माण स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक ने जानकारी दी कि योजना के तहत उन्हें 40-40 हजार की दो किस्त कुल 80 हजार रुपए प्राप्त हो गई है। इसपर डीएम ने शौचालय मद में अतिरिक्त राशि के प्रावधान होने की जानकारी देते हुए अविलंब लाभुक को राशि हस्तगत करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत 90 दिनों के कार्य का लाभ देने का भी निर्देश दिया गया। वहीं दूसरी ओर जिलाधिकारी ने सरैया पैक्स के 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले नवनिर्मित गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि गोदाम में धान की अधिप्राप्ति अभी प्रारंभ नहीं की गई है। इस पर जिलाधिकारी ने गोदाम का चयन धान अधिप्राप्ति हेतु कर प्रस्ताव अविलंब भेजने का निर्देश दिया।

# दारौंदा में अध्यक्ष के लिए 15 तो कार्यकारिणी सदस्य के लिए 49 ने किया नामांकन

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय में पैक्स चुनाव के लिए नामांकन का दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 15 तो कार्यकारिणी सदस्य के लिए 49 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान प्रखंड परिसर में गहमागहमी रही। बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि सिरसांव पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए संजीव कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए छह, हड़सर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए मनि भूषण सिंह, कार्यकारिणी सदस्य के लिए 12, पकवलिया पैक्स से कार्यकारिणी सदस्य के लिए पांच,रुकुंदीपुर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए संजू देवी, सुधांशु देवी, कार्यकारिणी सदस्य के लिए एक, बाल बंगरा पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए दो, कार्यकारिणी सदस्य के लिए दो, मड़सरा पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए नंदकिशोर सिंह समेत दो, कार्यकारिणी सदस्य के लिए दो, रसुलपुर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर राय समेत दो व कार्यकारिणी सदस्य के लिए नौ, कोड़ारी कलां पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए राजेश यादव व कार्यकारिणी सदस्य के लिए तीन, शेरही पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए शिव पारस यादव समेत दो, कार्यकारिणी सदस्य के लिए दो, जलालपुर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए धूपन सिंह, पांडेयपुर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए विकास कुमार यादव तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए सात ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

# बाल दिवस पर विभिन्न सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग संस्थाओं में बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सोनौली गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 111 पर सेविका रूबी कुमारी के द्वारा महिला पर्यवेक्षिका तृप्ति सिंह की मौजूदगी में बच्चों के बीच केक काटकर और उपहार देकर चाचा नेहरू के बारे में बताया गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के सरकारी , गैर सरकारी विद्यालयों में बाल दिवस पर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन मनाया गया। जीएसके विधा निकेतन में चाचा नेहरू की याद में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विद्यालय निदेशक रमेश कुमार तिवारी ने किया। वहीं सरकारी विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी मौजूद रहीं। मौके पर बच्चों के बीच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। पंडित नेहरू को बच्चों के प्रति बेहद प्रेम और स्नेह था। बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। इसलिए उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14 नवंबर का दिन पंडित नेहरू के साथ-साथ बच्चों को भी समर्पित है। यह दिन देश में बच्चों के अधिकारों, स्वतंत्रता की रक्षा, उनके स्वास्थ्य व शिक्षा एवं कल्याण पर बात करने का है।

# नशे की हालत में बाइक सवार युवक ने कार में मारी टक्कर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर शराब के नशें में बाइक सवार युवक ने अनियंत्रित होकर कार में टक्कर मार दी और बाइक से सड़क पर गिर मामूली रूप से घायल हो गया। घायल तरैया थाना क्षेत्र के धामा परसा गांव निवासी केदार महंतों का 30 वर्षीय पुत्र दुर्गेश महतो हैं। मौके पर ग्रामीणों की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस 112 की टीम ने नशे की हालत में सीएचसी मशरक में इलाज के बाद थाना पुलिस को सौंप दिया। वहीं लोगों ने बताया युवक के पास पोलिथीन में शराब भी था।

# अलग- अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत, पांच घायल

**सिवान।** जिले के मैरवा व दारौंदा थाना क्षेत्र में बुधवार की रात हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय चिकित्सक द्वारा रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान दरौली थाना क्षेत्र के बलहुं निवासी रामचंद्र सहनी तथा मैरवा थाना क्षेत्र के सेवतापुर निवासी दीपलाल यादव के रूप में हुई है, वहीं घायलों मे सेवतापुर निवासी रोहित कुमार, राहुल कुमार, तियर निवासी सीताराम साहनी तथा गोरेयाकोठी निवासी मुकेश महतो और संजीव कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मैरवा थाना क्षेत्र के दरौली रोड बरासो नहर के समीप बुधवार की रात दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में दरौली थाना क्षेत्र के बलहुं निवासी रामचंद्र सहनी तथा मैरवा थाना क्षेत्र के सेवतापुर निवासी दीपलाल यादव की मौत हो गई जबकि सेवतापुर निवासी रोहित कुमार, राहुल कुमार, तियर निवासी सीताराम साहनी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया तथा सदर अस्पताल से घायलों को गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दरौली थाना क्षेत्र के तियर निवासी सीताराम साहनी अपने रिश्तेदार बलहु के रामचंद्र सहनी के साथ बाइक से मैरवा से वापस अपने गांव लौट रहे थे जबकि सेवतापुर निवासी रोहित कुमार, दीप लाल यादव और राहुल एक ही बाइक से एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान किसी वाहन की चपेट में आने से दोनों बाइक पर सवार पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से बलहूं निवासी रामचंद्र सहनी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को रेफरल अस्पताल पहुंचाई जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान दीपलाल यादव की मौत हो गई। उधर दुर्घटना स्थल से पुलिस ने मृत रामचंद्र सहनी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना बुधवार की देर रात हुई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को अस्पताल पहुंचाई, वहीं मृत युवक को पोस्टमार्टम के लिए सिवान भेज दिया गया। वहीं दूसरी ओर दारौंदा थाना क्षेत्र के रुकुंदीपुर गांव के समीप मांझी-बरौली मुख्य पथ पर बरात से लौटने के दौरान कार पेड़ में टकरा गई। इस घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, कार के परखच्चे उड़ गए तथा उसमें सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि कार काफी तेज गति से होने के कारण चालक को झपकी आने से यह घटना हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि इसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए तथा घायलों को उपचार के लिए महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराए जहां से चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान गोरेयाकोठी निवासी गोरियाकोठी के मुकेश महतो और संजीव कुमार के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम पहुंच घटना की जानकारी ली।

# मां के सामने बेटे की सिर में गोली मारकर हत्या,परिजनों में कोहराम

परवेज अख्तर/सिवान।सिवान में आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। पिछले चार दिनों में दो लोौं की गोली मारकर हत्या कर दी गई है और पुलिस शिथिल बनी हुई है। बुधवार की देर शाम गुठनी थाना क्षेत्र के बरपलिया गांव में दो बाइक पर सवार छह बदमाशों ने एक युवक की उसकी मां और बहन के सामने सिर में सटाकर गोली मार निर्मम हत्या कर दी और हथियार लहराते हुए दरौली की ओर फरार हो गए। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार की सुबह गुठनी-दरौली मुख्य मार्ग को जाम कर कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारियों द्वारा समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम खत्म हुआ। मृतक की पहचान बरपलिया निवासी देवेंद्र कुशवाहा के पुत्र चंदन कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि चंदन कुशवाहा की मां एवं बहन गोरखपुर एम्स में इलाज कराकर बुधवार की देर शाम गुठनी पहुंचे थे। इस दौरान चंदन कुशवाहा अपनी मां व बहन को लेकर बाइक से घर आ रहा था तभी उसके घर से करीब सौ मीटर की दूर पश्चिम प्राथमिक विद्यालय के समीप दो बाइक पर सवार छह बदमाशों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रोक दी। अभी चंदन कुछ समझ पाता तब तक एक बदमाश ने चंदन की बाइक की चाबी निकाल ली और दूसरे बदमाश सिर में पिस्टल से गोली मार दी। गोली लगने के बाद चंदन सड़क पर गिर गया। इस दौरान चंदन की मां व बहन शोर मचाने लगी। स्वजनों द्वारा शोर मचाने तथा गोली की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्रित होते हुए तब तक बदमाश फरार हो गए। ग्रामीण खून से लथपथ चंदन को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सूचना प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी नहीं हो सकी थी।

# विद्यालयों में बाल दिवस के रूप में मनी पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती

**सिवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूम में मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। इस मौके पर बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगित, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों को पठन सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षकों पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बाल दिवस के महत्व पर चर्चा की।जानकारी के अनुसार बड़हरिया प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों के बीच कलम, कापी, टाफी आदि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पंडित नेहरू के आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया गया। जानकारी के अनुसार मध्य विद्यालय सदरपुर, मध्य विद्यालय चक पडरौना, उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़हरिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुर सहित दर्जनों विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्य विद्यालय चक पडरौना में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। शिक्षक पंकज शर्मा, संदीप कुमार सुमन, प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार मंडल, अश्वनी कुमार ने कहा कि बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। बसंतपुर स्थित विकास सेंट्रल आवासीय स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। निदेशक सुरेंद्र प्रसाद ने बच्चों को पंडित नेहरू की जीवनी से अवगत कराया। वहीं सिसवन प्रखंड के सभी सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों में बाल दिवस के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई गई।

# डीएम ने विभिन्न योजनाओं की जांच कर पदाधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने गुरुवार को हुसैनगंज प्रखंड के खरसंडा पंचायत में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। सर्वप्रथम जिला स्तरीय टीम पंचायत के वार्ड नंबर 14 एवं वार्ड नंबर 10 में पहुंची, जहां सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल-जल योजना की जांच की गई। स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नल-जल योजना पूर्ण रूप से बंद है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित मुखिया एवं वार्ड पार्षद को चेतावनी दी। साथ ही पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। वहीं धूमनगर गांव में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की जांच की गई। जांच के दौरान स्ट्रीट लाइट को समानुपातिक ढंग से सबों की सुविधा के उद्देश्य से लगाने का सख्त निर्देश दिया गया। वहीं दूसरी ओर अंचल अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय खरसंडा उर्दू की भी जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विद्यालय में पांच शिक्षक पदस्थापित हैं। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक अनुपस्थित मिले। जिनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। विद्यालय में नामांकित बच्चों की संख्या कुल- 81 के विरुद्ध कुल 36 बच्चे उपस्थित मिले। वहीं मध्याह्न भोजन योजना की जांच के क्रम में पाया गया कि खाना मेन्यू के अनुसार नहीं बनाया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के विलंब से पहुंचने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त की

## मुखिया पर मारपीट कर रुपया छीनने का आरोप

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के पकवलिया निवासी केशव यादव ने थाना में आवेदन देकर पोखरा पंचायत के मुखिया रत्नेश्वर कुमार यादव सहित छह लोगों पर मारपीट कर पुत्र वधू का गहना और 50 हजार रुपये नकद छीनने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। दिए आवेदन में मुखिया रत्नेश्वर यादव, भाई काशीनाथ यादव, कृष्णा यादव, सोनू यादव, अरुण यादव और अरमान कुमार को नामजद किया है।

# घुन लगा गेहूं बीज देख भड़के किसान, किया हंगामा

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** कृषि विभाग द्वारा किसानों को उपलब्ध कराए गए निशुल्क गेहूं बीज में घुन ( कीड़ा ) लगा देख किसान भड़क उठे। ई किसान भवन में किसानों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि सरकार द्वारा बीज उत्पादन के लिए मुहैया कराए गए बीज किसानों के साथ धोखा है। बीज में घुन लग जाने के कारण पूरा बीज खराब हो गया है। गुरुवार को चयनित किसान गेहूं का बीज लेने के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन पहुंचे थे। इसमें प्रति किसान को 40 किलो गेहूं का बीज दिया जा रहा था। इस दौरान शंकरपुर पंचायत के किसान श्याम सुंदर प्रसाद को गेहूं का बीज उपलब्ध कराया गया। उपलब्ध बीज के पैकेट से पाउडर के रूप ने कुछ गिरने पर उन्होंने पैकेट को खोल कर देखा तो अचंभित रह गए गेहूं बीज में घुन लगे हुए थे। इस कारण बीज में पाउडर जैसा हो गया था। इसे देख अन्य किसान आक्रोशित हो गए तथा ई-किसान भवन के मुख्य द्वार पर पहुंच विभाग के खिलाफ प्रदर्शन लगे। किसानों द्वारा बवाल काटने की सूचना पर पहुंचे प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीनानाथ राम ने किसानों को शांत कराए तथा विभाग के वरीय अधिकारियों को सूचित करते हुए बीज के वितरण पर तत्काल रोक लगा दी। इस मौके पर किसान मुन्ना सिंह, श्याम सुंदर प्रसाद समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आक्रोशितों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

परवेज अख्तर/सिवान।गुठनी थाना क्षेत्र के बरपलिया गांव के युवक चंदन कुशवाहा की हत्या के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखा गया। गुरुवार की सुबह चंदन का शव जब पोस्टमार्टम के बाद गांव में शव पहुंचा तो ग्रामीण आक्रोशित हो उठे तथा बरपलिया गांव में गुठनी-दरौली मुख्य पथ को जाम कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। पुलिस बदमाशों को गिरफ्तार करने व घटना पर नियंत्रण करने में विफल रही है। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस हत्या की घटना को सड़क दुर्घटना बता रही है। ग्रामीण स्थानीय थानाध्यक्ष को हटाने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, मैरवा एसडीपीओ अजीत प्रताप सिंह चौहान, विधायक सत्यदेव राम, मुखिया प्रतिनिधि उदय राम समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और आक्रोशितों को समझाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। वहीं मौके पर एसडीपीओ व वरीय उप समाहर्ता अमर ज्योति ने मृतक के स्वजन को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया तथा हत्यारों को तत्काल गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर जाम खत्म कराया। इस दौरान सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे करीब सात घंटा सड़क जाम होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।आक्रोशित ग्रामीणों ने विधायक को खदेड़ाबरपलिया गांव में युवक की हत्या की घटना से आक्रोशित लोग सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पर विधायक सत्यदेव राम जाम स्थल पर पहुंचे और सड़क जाम खत्म करने की बात ग्रामीणों ने कहने लगे। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीण विधायक को वहां से भगाते हुए कहा कि यहां राजनीति की कोई गुंजाइश नहीं है। वहीं ग्रामीण पुलिस के रवैया से बहुत नाराज थे।

# शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**सिवान।** हुसैनगंज प्रखंड के खोदाइबारी स्थित शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में बुधवार को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन बाल दिवस के रूप में मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रतिभा, मनोरंजन और प्रेरणा का एक जीवंत प्रदर्शन था। इस विशेष अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डा.राशिद शिबली ने छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आप भविष्य के इंजीनियर, डाक्टर, नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, वैज्ञानिक और उद्यमी हैं। अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए याद रखें कि कड़ी मेहनत ही सफलता की एकमात्र कुंजी है। उन्होंने छात्रों को घर पर स्व अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया, इस बात पर जोर दिया कि उत्कृष्टता के लिए समर्पण और दृढ़ता आवश्यक है। इस मौके पर बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण कर तथा मुंह मीठा करा हौसला बढ़ाया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों ने गीत, नृत्य और नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निदेशक ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और उद्देश्य की भावना पैदा करना है। बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी प्रतिभा को निखारें और उन्हें एक उज्ज्वल कल की ओर मार्गदर्शन करें।

# दूसरे दिन भी पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**सिवान :** जिले में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति ( पैक्स ) चुनाव को ले दूसरे चरण के तहत नामांकन चल रहा है। महाराजगंज, दारौंदा, पचरुखी व लकड़ी नबीगंज प्रखंड में 27 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारी समिति सदस्य पद के लिए दूसरे दिन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन को लेकर बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के समर्थक प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचे थे। सभी अपने-अपने नेता के नामांकन के बाद गगनभेदी नारों के साथ उनको फूल मालाओं से लाद रहे थे। प्रखंड मुख्यालय प्रत्याशियों के समर्थकों से खचाखच भरा था। वहीं नामांकन के बाद वे एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा रहे थे। नामांकन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रखंड मुख्यालय पर नामांकन को लेकर काफी गहमागहमी रही। जिला सहकारिता विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार महाराजगंज प्रखंड में दूसरे दिन पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 19 व कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 44 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं दूसरी ओर पचरुखी निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ ने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर में दूसरे दिन पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 11 व कार्यकारी समिति सदस्य पद के लिए 33 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसमें सामान्य कोटि के 15, एससी-एसटी कोटि के सात, अति पिछड़ा वर्ग कोटि के सात व पिछड़ा वर्ग कोटि के सात उम्मीदवार शामिल हैं।

# अध्यक्ष पद के लिए दो व कार्यकारिणी सदस्य के लिए तीन उम्मीदवारों ने किया नामांकन

लकड़ी नबीगंज (सिवान) : प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी सुशील कुमार के समक्ष खवासपुर पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मो.मंसूर व बसौली पंचायत से रणवीर सिंह ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए खवासपुर और लखनौरा से तीन ने नामांकन दाखिल किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल राज, रघुवीर प्रसाद संजय पासवान संजेश कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर आज श्रद्धालु करेंगे स्नान-दान, तैयारी पूरी

**परवेज अख्तर** सिवान।जिले में शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु सरयू नदी, छोटी गंडक नदी, दाहा नदी समेत विभिन्न नदियों में स्नानकर दान पुण्य करेंगे। इसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं जिले के दक्षिणांचल क्षेत्र से होकर गुजरने वाली सरयू नदी घाटों पर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। वहीं स्नान के लिए श्रद्धालु गुरुवार की शाम से पहुंचना शुरू कर दिए हैं। नदी घाटों पर मिठाई, परचून, खिलौने आदि की दुकानें सजी हुई हैं। वहीं प्रशासन द्वारा नदी घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लाइट की व्यवस्था किए गए हैं। वहीं जहां खतरनाक घाट हैं, वहां बैरिकेडिंग किए गए हैं। विभिन्न घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। जानकारी के अनुसार गुठनी के ग्यासपुर, दरौली के पंचमंदिरा घाट, मलपुरवा घाट, आंदर के पतार, रघुनाथपुर के नरहन, राजपुर, आदमपुर, गभीरार, गंगपुर सिसवन व ग्यासपुर आदि घाटों पर श्रद्धालु सरयू नदी में आस्था की डुबकी लगाएंगे तथा पूजा अर्चना एवं दान पुण्य कर सुख समृद्धि की कामना करेंगे। कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने वाले श्रद्धालु अपने रिश्तेदार व मित्रों के यहां शरण लिए हैं तो कुछ घाटों पर बने पंडालों में शरण लिए हुए हैं। इस दौरान नदी घाटों के पास काफी चहल-पहल बढ़ गई है। श्रद्धालुओं को अब विशेष रूप से सुबह होने का इंतजार है।

**दीपदान करने से आती है घर में खुशहाली व सुख-समृद्धि :** आंदर के पड़ेजी निवासी पंडित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि शास्त्रों में इस दिन को बेहद महत्वपूर्ण माना गया है। कार्तिक पूर्णिमा का दिन देवी-देवताओं को खुश करने का दिन होता है। मान्यता है कि इस दिन नदी में स्नान कर पूजा व दान-पुण्य करने से घर में धन-धान्य बना रहता है और जीवन में कभी भी आर्थिक नुकसान नहीं झेलना पड़ता। पूरे माह की पूजा-पाठ करने के समान फल मिलता है। वहीं दीप दान का भी विशेष महत्व माना गया है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन किसी नदी या तालाब में दीपदान करने से घर में खुशहाली व सुख-समृद्धि आती है।

**घाटों पर सुरक्षा के हैं कड़े इंतजाम :** कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। नदी घाटों जहां खतरनाक घाट है, वहां श्रद्धालुओं को स्नान करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। दरौली, रघुनाथपुर के नरहन, गुठनी के ग्यासपुर, सिसवन के विभिन्न घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है। घाटों पर लाइट की व्यवस्था तथा संभावित घटना से बचने के लिए नाव, गोतोखोरों की व्यवस्था की गई है। वहीं विभिन्न घाटों पर मजिस्ट्रेट के रूप में पुलिस बल की तैनाती की गई है। दरौली के सीओ ने बताया कि पचमंदिरा घाट व मलपुरवा घाट पर गोताखोर एवं आपदा मित्रों को तैनात किया गया है। ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं हो। थानाध्यक्ष ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। घाट पर प्राथमिक उपचार के लिए एक चिकित्सक एक फार्मासिस्ट, दो गार्ड एवं दो एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है।

# पल्स पोलियों अभियान की शत प्रतिशत सफलता को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

## - 17 नवंबर से शुरू होगा विशेष अभियान, गृह भ्रमण कर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पांच वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी पोलियो की दवा

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** पल्स पोलियों कार्यक्रम आयोजित करने और उसका शत प्रतिशत सफल बनाने को लेकर जिला टास्ट फोर्स की बैठक जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर सभागार में हुई। डीएम ने बताया कि पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ 17 नवंबर से होने वाला है। इसके तहत जिले में शून्य से पांच वर्ष तक के लक्षित चार लाख 16 हजार 704 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। पहले पांच दिन टीकाकर्मियों द्वारा 1306 घरों का गृह भ्रमण कर लक्षित बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का काम किया जाएगा। जबकि 23 नवंबर को छूटे हुए बच्चों को दवा दी खुराक पिलाई जाएगी। डीएम ने कहा कि लक्ष्य के अनुसार सभी बच्चों को दवा पिलाना होगा। एक भी बच्चा छुटे नहीं इसका विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। बताया कि पोलियो दवा का कोई साइड इफेक्ट्स नहीं होता है। इसलिए सभी अभिभावकों को बेहिचक अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलानी चाहिए। प्रत्येक छह महीने में एक बार पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई 'दो बूंद' दवा से पोलियो से सुरक्षित किया जाता है। इसलिए सभी अभिभावकों द्वारा अपने बच्चों को पोलियो दवा जरूर पिलानी चाहिए। सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला और प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस और जीविका सहित कई अन्य विभागों के संयुक्त सहयोग तथा आपसी समन्वय स्थापित कर पल्स पोलियों कार्यक्रम का संचालन किया जाना है। सभी लक्षित घर के प्रत्येक बच्चों तक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित हो, इसको लेकर जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित संबंधित कर्मियों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है। ताकि पल्स पोलियों अभियान के दौरान एक भी बच्चा छूटे नहीं।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि जिले के 539970 घर, जबकि 416704 शून्य से पांच वर्ष तक के नवजात शिशुओं को लक्षित किया गया है। वहीं इसके लिए 1508 टीम बनाया गया है। जबकि 477 पर्यवेक्षीय टीम द्वारा 17 से 21 नवंबर तक पांच दिवसीय पल्स पोलियों अभियान के दौरान मूल्यांकन किया जाना है। हालांकि इन पांच दिवसीय कार्यक्रम की समाप्ति के बाद छूटे हुए बच्चों को टीम द्वारा 23 नवंबर को इस अभिय ।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चला वाहन जांच अभियान

**सिवान।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विभिन्न चौक-चौराहों पर गुरुवार को जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बाइक चालक पुलिस से बचने के लिए किसी तरह बच कर भागते हुए देखे गए। विशेष अभियान शहर के पी देवी मोड़, बबुनिया मोड़, स्टेशन रोड, पचरुखी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोपालगंज मोड़ सहित अन्य जगहों पर चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहनों के कागजात, चालकों के हेलमेट, डिक्की की जांच हुई। वाहन चालकों से यातायात नियम पालन करने की अपील की गई।

# सिवान : आपरेशन अमानत के तहत यात्री का सामान किया सुपुर्द

**परवेज अख्तर/सिवान।** सिवान आरपीएफ ने आपरेशन अमानत के तहत ट्रेन में एक यात्री के छूटे बैग को बरामद कर उसके सुपुर्द कर दिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर दो पुरुष एवं तीन महिला उपस्थित हुएं, बताएं कि गाड़ी संख्या 12553 कोच के संख्या एस-2 के इंजन साइड गेट पर उनका बैग छूट गया है। पाली प्रभारी में तैनात सउनि राजेंद्र सिंह द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गाड़ी के एस्कार्ट पार्टी में तैनात हेड कांस्टेबल गिरीश नारायण राय को सूचित किया गया। इसके बाद एस्कार्ट पार्टी द्वारा उक्त बैग को वीडियो कालिंग कर बैग बरामद कर गाड़ी संख्या 15204 के एस्कार्ट पार्टी के माध्यम से सिवान पोस्ट पर भिजवाया गया। इसकी सूचना बैग स्वामी को दी गई। बुधवार को बैग स्वामी वीरेंद्र प्रसाद पोस्ट पर उपस्थित हुए। बैग खोल कर बैग में रखे एक मोबाइल, एक एटीएम, एक आधार कार्ड व नकद पांच सौ रुपया को उन्हें दिखाया गया। यात्री द्वारा सभी सामान बैग में मौजूद पाया गया। उसे यात्री को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त यात्री द्वारा समान की अनुमानित कीमत बीस हजार रुपया बताया गया।

# ट्रक की टक्कर से रेलवे ढाला का बूम बैरियर टूट

**सिवान।** दारौंदा-पचरुखी के मध्य समपार सांख्य 85/सी के बूम बैरियर को ट्रक ने धक्का मारकर तोड़ दिया। इस दौरान आरपीएफ ने घटनास्थल से कुछ दूरी से ट्रक को जब्त कर लिया। हालांकि चालक फरार होने में सफल रहा। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि बुधवार की रात को सुरक्षा नियंत्रण वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि दारौंदा-पचरुखी स्टेशन के मध्य समपार सांख्य 85/सी को एक ट्रक द्वारा धक्का मारकर बूम को तोड़ दिया है। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर एएसआई ग्यास सरवर साथ स्टाफ रवाना हो कर घटनास्थल पर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर गेटमैन बलिंद्र यादव व जेई सिंगनल दारौंदा गोविंद प्रसाद यादव साथ स्टाफ मौके पर मौजूद मिले। उपरोक्त गेट मैन व जेई सिग्नल के साथ घटनास्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि समपार का पश्चिमी तरफ का बूम बैरियर जड़ से चार मीटर टूट गया था जो कार्य योग नहीं था। जेई सिग्नल दारौंदा द्वारा चार मीटर नया बूम मगा कर ठीक कर दिया गया। संबंधित विभाग द्वारा 23 हजार रुपया रेल राजस्व की क्षति आंकी गई। बरियारपुर के पास दाहिने तरफ लावारिस हालत में उक्त ट्रक खड़ा मिला। चालक के बारे में अगल बगल पूछताछ की गई लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। ट्रक को जब्त कर पोस्ट पर लाया गया।

# ट्रेन से कटे युवक की हुई पहचान

**सिवान।** सिवान- जीरादेई रेलवे स्टेशन के बीच एक 22 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन से कट कर 12 नवंबर की संध्या मौत हो गई थी। इसके बाद जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव को शवगृह में रखवाया था। जहां गुरुवार की सुबह इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसकी पहचान की गई। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भटवालिया गांव निवासी अतुल कुमार पांडेय था जो एक महीने पूर्व परिवार का पालन पोषण करने के लिए दूसरे राज्य में मजदूरी करने गया था। वापस लौटने के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर पहचान करने के बाद स्वजन शव लेकर चले गए। मृतक के बड़े पिता माधव पांडेय ने बताया कि अतुल दो भाई में छोटा था।

# पटाखा जलाने के दौरान भाई-बहन झुलसे

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में बुधवार की रात पटाखा जलाने के दौरान भाई-बहन झुलस कर घायल हो गए। दोनों को आनन फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों घायलों की पहचान उक्त गांव निवासी संदेश कुमार व पूजा कुमारी के रूप में की गई। स्वजनों ने बताया कि किसी ने पटाखा जलाकर फेंका था, लेकिन वह फटा नहीं था, उसे ये दोनों जला रहे थे तभी झुलस कर घायल हो गए।

# संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला आयोजित

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी के चांप स्थित जिला कार्यालय पर गुरुवार को पार्टी के संगठन चुनाव हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान उपस्थित हुए। बैठक में सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अमर शहीद श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। जिला संगठन अधिकारी कृष्ण नंदन पासवान ने कहा कि चुनावी वर्ष में पार्टी को ऐसा संगठन बनाना है कि हमलोग मोदी के हाथों को मजबूत करें। आने वाले दिनों में सिवान की आठों सीट पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार विजयी हो और पुनः बिहार में एनडीए की सरकार बने इसका प्रयास करना है। सभा को गोरियाकोठी के विधायक देवेश कांत सिंह, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव, जिला संगठन प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह पटेल ने संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, मुकेश कुमार बंटी, अनुराधा गुप्ता, शर्मानंद राम, जिला मंत्री आभा सिंहा, आभा देवी आदि उपस्थित थे।

# बोलेरो के धक्के से बाइक सवार घायल

**सिवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव के समीप गुरुवार को बोलेरो के धक्के से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान गांव निवासी रामधारी राम के पुत्र संतोष राम के रूप में हुई। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि संतोष बाइक की सर्विसिंग कराने के लिए गया हुआ था। जहां वह वापस लक्ष्मीपुर अपने गांव लौट रहा था। गांव के समीप पहुंचा था तभी बोलोरो ने उसके बाइक में धक्का मार दिया।

# वृद्ध को बंदर ने काटकर किया घायल

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हथौड़ा गांव में गुरुवार को एक वृद्ध को बंदर ने काट लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वृद्ध की पहचान गांव निवासी पटेल साह के रूप में की गई। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि पटेल साह अपने छत पर थे तभी अचानक बंदर आया और उनके पैर को पकड़ कर उन्हें कई जगह काट लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

# सत्संग से लौट रहे वृद्ध की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**परवेज अख्तर/सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के उसरी गांव में गुरुवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर निवासी नथुनी महतो के पुत्र रामचंद्र महतो के रूप में की गई। घटना के संबंध में स्वजनों ने बताया कि रामचंद्र महतो गुरुवार की सुबह सत्संग में शामिल होने के लिए उसरी गांव में गए हुए थे। सत्संग में शामिल होने के बाद वह पुनः अपने घर आलमपुर साइकिल से लौट रहे थे, तभी उसरी गांव के समीप ही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने उन्हें ठोकर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी और पुलिस मौके पर पहुंच,उन्हें सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# सोनपुर मेला में कोल इंडिया लिमिटेड एवं केंद्रीय खान मंत्रालय की प्रदर्शनी का केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** 32 दिनों तक लगने वाली हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला कोल इंडिया लिमिटेड एवं केंद्रीय खान मंत्रालय की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुये राज्य मंत्री कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार सतीश चंद्र दूबे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दीप प्रजवलित कर उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने मंगलवार को कहा कि कोल इंडिया क्या-क्या करता है इसके लिए इस मेले में इसकी प्रदर्शनी सोनपुर मेला मे पहली बार लगाई गई हैक़ोल इंडिया अपनी माईनिंग गतिविधियों को दर्शाने के साथ-साथ आम लोगों को यह भी बताने का काम करेगाइस प्रदर्शनी में लोगों को यह भी जानकारी मिल रही है कि कोयला निकालने का काम किस तरह किया जाता हैइसके लिए कोयला निकालने का वर्किंग मॉडल भी लगाया गया है. देश की ऊर्जा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका कोल इंडिया निभा रही हैऊर्जा की जरूरत पूरा करने के लिए अकेले कोल इंडिया 80% कोयला का उत्पादन करता है,बिजली उत्पादन में 70% कोल इंडिया और थर्मल पावर में 80% कोल इंडिया के की सहभागिता रहती हैक़ोल इंडिया ऊर्जा उत्पादन के लिए लाइफ लाइन हैसिर्फ कोयला उत्पादन ही नहीं संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां से कोयले का उत्पादन किया जाता है वहां प्लांटेशन भी किया जा रहा है। इस मौके पर सोनपुर विधायक डॉ.रामानुज प्रसाद, सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार, डीएसपी नवल किशोर, थानाध्यक्ष राजनांदन,समाजसेवी टुनटुन सिंह समेत कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



## डिप्टी सीएम व केन्द्रीय मंत्री का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा व केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे का प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व मे बजरंग चौक पर फूल-माला और अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। साथ ही श्री सिंह ने केन्द्रीय मंत्री श्री दूबे और डिप्टी सीएम श्री सिन्हा को बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर और बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर अंकित गोस्वामी, गौतम सिंह, पंचायत समिति राहुल कुमार सिंह, राजीव मुनमुन, सनी सिंह, राजू महतो, पप्पू सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। सभी लोगो के इस प्यार स्नेह के लिए कार्यकर्त्ताओ का धन्यवाद दिया और कहा की यहाँ के लोगो का हमेशा प्यार मिलता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मंत्री सतीश चंद्र दुबे जी को बाबा हरिहरनाथ मंदिर आने का निमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहज स्वीकार कर लिया और कहा की अगली बार आएंगे तो मंदिर जरूर जाएंगे और बाबा का दर्शन करेंगे ।उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने मेला मे कुमार विश्वास के आने की संभवाना पर जिला अधिकारी से व्यवस्था विषय में बात की और पर्यटन विभाग के अधिकारी से भी बात किया और हरिहर महोत्सव पर चर्चा किया।

## बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सोनपुर मेला मे हुआ उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला में मंगलवार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पेवेलियन का उद्घाटन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.उदय कांत, सदस्यगण पीएन.राय, कौशल किशोर मिश्र, नरेंद्र सिंह और प्रकाश कुमार ने फीता काटकर इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर प्राधिकरण सचिव मो.वारिस खान (भाप्रसे.), विशेष सचिव आशुतोष सिंह समेत एसडीआरएफ के समादेष्टा मो. फर्‌गुद्दीन, अग्निशमन के डीआईजी मृत्युंजय कुमार सहित सारण के एडीएम मुकेश कुमार, सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार मौजूद थे।प्राधिकरण के पैवेलियन में आपदा जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटकों के मंचन व मॉक ड्रिल के अलावा प्राधिकरण के पैवेलियन में लगाए गए विभिन्न स्टॉल पर लोगों को आपदा में सुरक्षित रहने की जानकारी दी जा रही है। बड़ी संख्या में मेलार्थी पैवेलियन में पहुंचे और आपदाओं से बचाव के तरीके के बारे में जानकारी हासिल की। बिहार अग्निशमन सेवा, सिविल डिफेंस, एसडीआरएफ, वोलट्रोन (एआर/वीआर), उत्कर्ष एक पहल, गतिविधि, युगांतर, बिहार मौसम सेवा केंद्र, ग्रामीण समुदायिक स्वास्थ्य समन्वयक, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम, राष्ट्रीय अंतर्देशीय नौववहन संस्थान, दिव्यांगजन कार्यक्रम स्टाल के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्य पी.एन.राय ने कहा कि पवेलियन में विभिन्न स्टालों पर आने वाले लोगों को बाढ़, भूकंप, बज्रपात,आग आदि संबंधित आपदा के बारे में पूर्ण रूप से जागरूक करना हमारा प्रथम कार्य हैं। उन्होने कहा कि ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य समन्वयक की पहुँच गाँव-गाँव तक है, उनके माध्यम से लोगो को आपदा के बारें में जानकारी दी जाएगी। सभी हितधारकों का कर्तव्य यही होना चाहिए की पवेलियन में आ रहे सभी लोगो को आपदा से बचाव की पूरी जानकारी दें। प्राधिकरण मेले में पवेलियन के माध्यम से बड़े स्तर तक लोगों को जन जागरूकता हेतु हितधारकों के साथ मिलकर नाटक, मुकरियां, मॉकड्रिल, पपेट, एआर/वीआर तथा अन्य तरीकों से आपदा से बचाव के लिए जानकारी देंगे। मंच संचालन जीवन कुमार ने किया।

## सोनपुर मेला में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टॉल का अपर मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्टॉल लगाए गए हैं जहां मंगलवार के विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने फीता काटकर स्टॉल का उद्घाटन किया। इस मौके पर विभाग के सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग जय सिंह, सारण अपर समाहर्ता मुकेश कुमार,उप निदेशक साजदा खातून, सोनपुर एसडीएम आशीष कुमार, सोनपुर डीएसपी नवल किशोर, सोनपुर डीसीएलआर रशमी कुमारी, सीओ आदिति श्रुति, राजस्व अधिकारी राजकमल, प्रशाखा पदाधिकारी रतन दीप पांडे, स्टॉल में कार्यरत कर्मी प्रधान लिपिक संजय कुमार,नाजीर राकेश कुमार, कमल देव ठाकुर विनोद कुमार संजय पांडे पंकज कुमार, अमित कश्यप, स्टॉल मैनेजमेंट मैनेजर टुनटुन सिंह, रामबालक सिंह, सहित अंचल के कर्मी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में स्टॉल लगाने का मुख्य उद्देश्य है लोगों को राजस्व एवं भूमि संबंधित विषय में विस्तृत जानकारी लेना और स्टॉल में 2 काउंटर लगाये गए है जिसमे हर जिले के गांव के नक्शा मात्र 150 रुपए में दी जा रही है। इस प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षक स्टॉल है। रैयतो को ऑनलाइन सेवाएं दी जा रही है।उन्होंने कहाँ कि रैयत अगर अपनी जमीन का नक्शा देखना चाहते हैं तो राजस्व विभाग ने इसके लिए होम डिलीवरी की सुविधा भी दी है. इसके लिए आपको बस विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा. वेबसाइट पर दिए गए डोर स्टेप डिलीवरी आइकन पर और जरूरी जानकारी दर्ज करें. इसके बाद दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाइन पेमेंट करें. कुछ ही दिनों में नक्शा आपके घर पर डिलीवर हो जाएगा।

## आरपीएफ सोनपुर ने एक पॉकेटमार को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** टिकट काउंटर के पास से एक पैकेट मार को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि एक युवक जो टिकट कटाने टिकट काउंटर पर खड़ा था जिसका नाम चंदन कुमार पिता हरेंद्र सिंह ग्राम सबलपुर थाना सोनपुर को पैकेटमार ने पैकेट सोनपुर रिजर्वेशन काउंटर के पास उसके पॉकेट से किसी ने ?1600निकाल लिया इसके पश्चात रिजर्वेशन काउंटर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो उक्त व्यक्ति के पैकेट से एक व्यक्ति को पैसा निकालते हुए देखा जिसका हुलिया उक्त व्यक्ति द्वारा पहचान लिया गया जिसके पश्चात रेसुबल पोस्ट सोनपुर के निरीक्षक प्रभारी रूपेश कुमार के नेतृत्व में उनि खुशबू कुमारी, प्र0आ0 राकेश कुमार यादव, प्र0 आ0संजय कुमार झा, आ0सुनील कुमार सिंह। शिकायतकर्ता के साथ सोनपुर रेल क्षेत्र में चेकिंग के लिए प्रस्थान किया जहाँ सोनपुर स्टेशन की पूर्वी केबिन के पास घूमते हुए देखा जिसे उक्त व्यक्ति के निशान देही पर टध्क्कस्टाफ के सहयोग से घेरदार कर पकड़ा गया ; चेक करने जायकेट के दाहिने पाकेट से 1600 / रुपया एवम पेंट के बाएं पैकेट से 189 रुपया एव एक वीवो कंपनी का स्मार्ट फोन बरामद हुआ शिकायतकर्ता चंदन कुमार द्वारा बताया गया कि जैकेट से जो ?1600 प्राप्त हुआ है यह वही रुपया है जो उसके पास से चोरी किया गया है। पकड़ा गया व्यक्ति का नाम बौरा उम्र 20 वर्ष पे0 -स्वर्गीय रामू कुमार ग्राम - मल्हौर थाना चिनहट -जिला लखनऊ है।अग्रिम कार्यवाही हेतू राजकीय रेल थाना सोनपुर भेजा गया है।

## भारतीय स्टेट बैंक की प्रदर्शनी स्टॉल का एसबीआई के महाप्रबंधक नटराजन आर ने किया उद्घाटन




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में 32दिनों तक लगने वाली मेला मे भारतीय स्टेट बैंक की प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन एसबीआई के महाप्रबंधक नटराजन आर ने विधिवत रूप से दीप प्रजवलित कर स्टॉल का शुभारभ किया । इस मौके पर डिप्टी जनरल मैनेजर प्रफुल्ल कुमार झा, संजीव कुमार नाथ, रीजनल मैनेजर प्रियंका प्रियदर्शी, सोनपुर के एसडीओ आशीष कुमार, डीएसपी नवल किशोर, चीफ मैनेजर कुमार आनंद ने ग्राहकों के सुविधा के लिए चलंत एटीएम रथ को हरी झंडी दिखाकर मंगलवार को रवाना किया । इस मौके पर उद्घाटन के पश्चात जनरल मैनेजर नटराजन आर ने बताया कि प्रदर्शनी में कृषि व फसल लोन सहित बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्टेट बैंक ग्राहकों की सुविधा के लिए सदैव तत्पर है और चलंत एटीएम से नकद निकासी में सहूलियत होगी।

# सोनपुर मेला में कला एवं संस्कृति विभाग के प्रदर्शनी का डिप्टी सीएम व केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** कोई कलाकार मुफ्त में काम नहीं करेगाक़्सबको उचित सम्मान के साथ-साथ मेहनताना भी दिया जाएगा. जिला पदाधिकारी को हमने स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसी भी कलाकार से निःशुल्क काम नहीं कराया जाए साथ ही साथ आधे नए कलाकार तो आधे पुराने कलाकार को इस मंच पर अवसर दिया जाएउक्त बातें मंगलवार को हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिंहा व केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश दुवे ने सयुंक्त रूप से कला एवं संस्कृति विभाग के लगायी गयी प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात लगायी गयी मिथिला पेंटिंग व लगायी गयी प्रदर्शनी को अवलोकन करने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि हम लोग कलाकारों के कला और उसके प्रतिभा को उभारना चाहते हैं. यह मेला ऐसे कलाकारों को अवसर प्रदान करने में सहयोग करता है की कलाकार अपने कला का प्रदर्शन कर सकेंबिहार को गर्व होना चाहिए. नकारात्मक वातावरण को बदलना है सांस्कृतिक विरासत को भी बचाए रखना हैउपमुख्यमंत्री ने अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए ट्रक पर दस हजार एवं ट्रैक्टर पकड़वाने पर पांच हजार रुपए देने की बात कहते हुए कहा कि यह सरकार ने स्पष्ट रूप से निर्णय लिया है कि किसी भी परिस्थिति में खनन माफिया को बढ़ने नहीं दिया जाएगा.उसके रोकने के लिए सरकार कृत संकल्प हैमेला के नए स्वरूप आने वाले समय में दिखेगायहां की विशेषता को देश दुनिया में बताया जाएगाइस मौके पर स्थानीय विधायक डॉ रामानुज प्रसाद, सोनपुर एसडीओ आशीष कुमार, डीएसपी नवल किशोर, थानाध्यक्ष राजनांदन के अलावे टुनटुन सिंह, भाजपा नेता राकेश सिंह सहित कई अन्य लोगों के साथ-साथ विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।



## ट्रेन से कटने से एक युवक की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर --छपरा रेल खंड मे ट्रेन नंबर 20503 डिब्रूगढ़ --नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रैन से नयागांव--परमानंदपुर के मध्य एक व्यक्ति ट्रैन के चपेट मे आने से मौत हो गया है। उक्त बात के जनकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर रुपेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि रेलवे लाइन पर कटा हुआ व्यक्ति का शव के पहचान किया गया जहां गांव के कुछ व्यक्ति ने मृत व्यक्ति का पहचान किया जिसका नाम भोला सिंह उम्र 40 वर्ष पिता बलदेव सिंह घर शिव मंदिर के पास गोपालपुर थाना नयागांव के निवासी है। डेड बॉडी को उठाकर अपने कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है

## 12 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र में चैनवा-चनचौरा सड़क पर अठडीला गांव स्थित रेल गुमटी के समीप से रसूलपुर थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक बेचन सिंह ने एक बाइक पर सवार दो शराब तस्करों को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के असहनी गांव निवासी धनंजय यादव व सिवान जिले के सिसवन प्रखण्ड क्षेत्र के वृत्ति लखराव गांव निवासी रोहन यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने बाइक सवार तस्करों से 12 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब को बरामद कर बाइक को जब्त कर लिया है।

बताया जाता है कि पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्करों से आवश्यक पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया है। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के गांवों व बाजारों में गैरकानूनी तरीके से शराब की तस्करी व बिक्री हो रही है।

## फरार वांछित आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के पुलिस अवर निरीक्षक शंकर दास ने थाना क्षेत्र के परसागढ़ गांव में छापेमारी कर लम्बे से फरार मारपीट मामले के आरोपित रवीन्द्र मांझी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एकमा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार आरोपित से आवश्यक पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।

## मेयर ने प्रबुद्ध लोगों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** नगर निगम मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने छपरा शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ अपने आवास पर एक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त ने किया तथा बैठक का संचालन श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। बैठक में मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने शहर के विकास के लिए चल रही योजनाओं की चर्चा की तथा भविष्य की योजनाओं से अवगत करवाया। सभी ने करतल ध्वनि से मेयर की योजनाओं की सराहना की। बैठक में शत्रुघ्न प्रसाद गुप्त, बैद्यनाथ प्रसाद, राजेश कुमार, श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, गणेश गोकुल, प्रो सिया शरण प्रसाद, सन्तोष कुमार डीओ, दिलीप पोद्दार, विजय कुमार मुनि, अधिवक्ता प्रदीप कुमार आदि ने अपने सुझाव मेयर को दिए। मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया वार्ड नम्बर एक से पैंतालीस वार्ड तक बिना भेद-भाव के हाई मास्क लाईट, सेमी हाई मास्क लाइट, जगह-जगह तिरंगा लाइट से शहर को सुसज्जित किया जाएँगा। सभी वार्डो में नाला सड़क तथा पोखरो का जीर्णोद्धार किया जाएँगा। नगर निगम की जमीनों पर स्थित मन्दिरों का भी विशेष ध्यान रखा गया हैं। मेयर ने आमजन से भी सहयोग की अपील की हैं।

## पैक्स में धान खरीदने का डीसीओ ने दिया निर्देश

**मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडल के पैक्स में धान की खरीदगी के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंह मंगलवार को मढ़ौरा पहुंचे। मढ़ौरा व्यापार मंडल में अनुनंडल के सभी प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी और निवर्तमान पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। कहा की सभी पैक्स गोदाम में धान की खरीदगी शुरु कर देनी है ताकी किसान को किसी तरह की परेशानी नही हो। बता दे कि राज्य के जिलों में धान की खरीदगी सरकार द्वारा शुरु की गई है। सरकार ने इस बार धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्वीटल निर्धारित की है। धान की खरीद उन जिलों में पहले शुरू की गई है जहां धान की कटनी आरंभ हो चुकी है। 17 प्रतिशत नमी के आधार पर पैक्सों एवं व्यापार मंडलों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित किसानों से धान खरीद की जाएगी। डीसीओ ने बताया कि सरकार ने धान खरीद की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 तय की गई है। इस वर्ष 45 लाख टन धान और 30 लाख टन उसना चावल की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इसमें बिचौलिये और धान खरीद में गड़बड़ी करने वालों पर चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान मढ़ौरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष परमात्मा राय, मढ़ौरा बीसीओ अमरकांत कुमार, अनुमंडल के अन्य प्रखंडों के बीसीओ, राज कुमार तिवारी, नागेन्द्र राय, पवन सिंह, भगवानलाल साह, दीपक राज सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पैक्स में धान खरीदने का डीसीओ ने दिया निर्देश

**मढ़ौरा(सारण)।** अनुमंडल के पैक्स में धान की खरीदगी के लिए जिला सहकारिता पदाधिकारी सुधीर कुमार सिंह मंगलवार को मढ़ौरा पहुंचे। मढ़ौरा व्यापार मंडल में अनुनंडल के सभी प्रखंड के प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी और निवर्तमान पैक्स अध्यक्षों के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए। कहा की सभी पैक्स गोदाम में धान की खरीदगी शुरु कर देनी है ताकी किसान को किसी तरह की परेशानी नही हो। बता दे कि राज्य के जिलों में धान की खरीदगी सरकार द्वारा शुरु की गई है। सरकार ने इस बार धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्वीटल निर्धारित की है। धान की खरीद उन जिलों में पहले शुरू की गई है जहां धान की कटनी आरंभ हो चुकी है। 17 प्रतिशत नमी के आधार पर पैक्सों एवं व्यापार मंडलों द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर निबंधित किसानों से धान खरीद की जाएगी। डीसीओ ने बताया कि सरकार ने धान खरीद की अंतिम तिथि 15 फरवरी, 2025 तय की गई है। इस वर्ष 45 लाख टन धान और 30 लाख टन उसना चावल की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। इसमें बिचौलिये और धान खरीद में गड़बड़ी करने वालों पर चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान मढ़ौरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष परमात्मा राय, मढ़ौरा बीसीओ अमरकांत कुमार, अनुमंडल के अन्य प्रखंडों के बीसीओ, राज कुमार तिवारी, नागेन्द्र राय, पवन सिंह, भगवानलाल साह, दीपक राज सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डेरनी से अपहृत युवक को डोरीगंज पुलिस ने किया बरामद, अपहरणकर्ता भागने मे रहे सफल

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज(सारण)।** अपहृत युवक को थाना क्षेत्र के आरा छपरा ब्रिज के दक्षिणी छोर पर मंगलवार की अहले सुबह बरामद किया गया। इस संबंध मे डोरीगंज केअपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि डेरनी से लालबाबू राय के 28 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार अपहरण कर्ताओं द्वारा उस समय कर लिया गया जब वे सुबह के 4:30-5बजे अपने ट्रैक्टर लेकर जा रहे थे। परीजनो द्वारा डेरनी थाना को सुचना दी गई और थानाध्यक्ष डेरनी द्वारा डोरीगंज थानाध्यक्ष को भी मोबाइल नंबर व लोकेशन की जानकारी दी गई और अपर थानाध्यक्ष द्वारा लोकेशन के आधार पर आरा छपरा बृज पर घेराबंदी की गई। नतीजा अपहरणकर्ताओं द्वारा सुजीत को गाड़ी धकेल दिया और अपहरणकर्ता भागने मे सफल रहे। अपहृत सुजीत ने डोरीगंज अपर थानाध्यक्ष को बताया कि गांव सोमवार को विवाद हुआ था इसी रंजिश मे उसे हत्या के नियत से अपहृत किया गया था।

# चिरांद में एनसीसी कैडेटों व कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** एनसीसी के कैडेट कानपुर से कोलकाता तक गंगा नदी में नाव से यात्रा के क्रम में मंगलवार को धार्मिक नगरी चिरान्द के बंगाली बाबा घाट पहुंचे। इस अभियान की शुरुआत सोमवार को कानपुर के गंगा बैराज स्थित अटल घाट से की गई। एनसीसी के महानिदेशक की ओर से इस अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान 76वें गणतंत्र दिवस से पहले एक जश्न के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रास्ते में कैडेट जहां भी रुकेंगे वे उस क्षेत्र के युवाओं को देशप्रेम और वीरता के बारे में जागरूक करेंगे। इसके अलावा बच्चों को प्रेरक कहानियां सुनाकर देश के नाम संदेश भी देंगे। एनसीसी के महानिदेशक के तत्वावधान में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने 76वें गणतंत्र दिवस से पहले कानपुर से कोलकाता तक एक विशेष नदी नौकायन अभियान शुरू किया। देश भर के सभी 17 एनसीसी निदेशालयों के 528 नेवल विंग एनसीसी कैडेट एनसीसी की डीके व्हेलर नौकाओं में किए गए अभियान में भाग ले रहे हैं। बंगाली बाबा घाट पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस मे कमाण्डर बी आर सिंह तथा कर्नल रबी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य हमारी महान सभ्यता को जन्म देने और पोषित करने में भारत की नदियों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना है, और नागरिकों को इन महत्वपूर्ण जीवन रेखाओं और महत्वपूर्ण जल संसाधनों की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्जीवन की तत्काल आवश्यकता के बारे में जागरूक करना है। 'नमामि गंगे' परियोजना के तहत कैडेट पवित्र गंगा नदी के किनारे उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और वाराणसी, बिहार में बक्सर और पटना से होते हुए पश्चिम बंगाल में फरक्का बैराज तक जाएंगे। जैसे ही अभियान पटना में अपने आधे रास्ते पर पहुंचेगा, डीजी एनसीसी इसकी प्रगति की समीक्षा करेंगे और भाग लेने वाले कैडेटों के साथ बातचीत और उनके लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्हें प्रोत्साहित करेंगे। इसके बाद यह शक्तिशाली अभियान हुगली के साथ-साथ 45 नौकायन दिनों में 1605 किलोमीटर की दूरी तय करके 20 दिसंबर 2024 को कोलकाता में मैन ओ' वॉर जेट्टी पर संपन्न होगा।रास्ते में होने वाले आयोजनों में वहां के सामाजिक कार्यकर्ता भी इस आयोजन से जुड़ेंगे। बताया गया कि 'भारतीय नदियां - संस्कृतियों की जननी' विषय पर यह नौकायन अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत देश की नदियों खासतौर पर गंगा नदी को सवच्छ व निर्मल बनाए जाने का भी आह्वान किया जाएगा। इस अभियान को यूपी, बिहार और झारखंड और पश्चिम बंगाल और सिक्किम एनसीसी निदेशालय के तीन प्रमुख चरणों में विभाजित किया गया है। यूपी चरण के तहत इसे आगे चलकर कानपुर से प्रयागराज, प्रयागराज से वाराणसी और वाराणसी से बक्सर में विभाजित किया गया है। अभियान में 528 कैडेट शामिल हुए। मंगलवार को चिरांद पहुंचने पर एनसीसी कैडेटों व कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमे देश के अलग अलग हिस्सों के सांस्कृतिक झांकियां भी प्रस्तुत की गई।



## पैक्स चुनाव के अंतिम दिन नामांकन के लिए उमड़ी भीड़

### नवादा पंचायत की दया देवी दूसरी बार निर्विरोध घोषित


असहनी पंचायत की कुसुम देबी अपने समर्थकों के साथ

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)।** प्रखंड क्षेत्र के कुल 15 पंचायतों में हो रहे पैक्स चुनाव को लेकर हो रहे नामांकन के तीसरे व अंतिम दिन मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में रसूलपुर सहित विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष व सदस्य पद हेतु प्रत्याशियों की भीड़ रही।एकमा बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार के समक्ष विभिन्न पंचायतों के 35 प्रत्याशियों ने पैक्स अध्यक्ष पद से नामांकन किया, जिसमें रसूलपुर पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद हेतु शशिभूषण सिंह उर्फ नन्हकु सिंह,पम्मी देवी, सुबोध कुमार सिंह, प्रह्लाद सिंह,असहनी पंचायत से कुसुम देवी,बागेश्वर सिंह, बनपुरा पंचायत से बिजेश्वर सिंह फौजी,नवादा पंचायत से दया देबी (निर्विरोध),आमडाढ़ी पंचायत से कुणाल कुमार सिंह उर्फ कुंदन सिंह, फुचटी कला से अरूण कुमार गिरी,माने पंचायत से अशोक सिंह, चनचौरा पंचायत से दिग्विजय उपाध्याय,परसा पूर्वी से राजनाथ राय,परसा उत्तरी से लक्ष्मी कुँअर,परसा दक्षीणी पंचायत से बीरेन्द्र प्रसाद,पंचुआ पंचायत से सुनीता देबी,आदि प्रत्याशियों ने अपने नामांकन का पर्चा दाखिल किया।विदित हो कि नवादा पंचायत की दया देवी के खिलाफ किसी ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया, उनका दूसरी बार निर्विरोध घोषित होना तय माना जा रहा हैं, जिससे लगातार चौथी बार पैक्स अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित होगी।इस संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ अरूण कुमार ने बताया की पैक्स चुनाव को हर हाल में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए मैं कृतसंकल्पित हुँ।

## सोनपुर मेला में थिएटर संचालन से बढ़ी रौनक




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला में इस बार 6 थिएटर लगाए गए हैं। उद्घाटन के छठवें दिन जब थिएटर चलाने की अनुमति मिली वैसे ही थिएटर संचालकों एवं नवयुवक के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। पटना, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर,छपरा, वैशाली, समस्तीपुर जिले सहित अन्य जिले से आये युवाओं ने लंबी लाइन लगाकर थिएटर देखने के लिए टिकट की बुकिंग कर ली। सोमवार की रात 40 से 50 नृत्यांगना एक साथ सांस्कृतिक मंच पर जैसे ही पहुंची वैसे ही युवाओं अपने मनोरंजन दृश्य को कमरे में कैद करते हुए रात भर नृत्यगना के द्वारा एक से बढ़कर एक गाने की प्रस्तुति दी जिसे युवाओं के मायूसी चेहरे खिल गए। बता दे कि उद्घाटन के 5 दिन तक लाइसेंस नहीं मिलने के कारण थिएटर संचलको एवं थिएटर से जुड़े कलाकारो के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई जिसे देखकर मीडिया ने इसे प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया। खबर के प्रकाशित होते ही प्रशासन ने थिएटर संचालको को थिएटर चलाने की अनुमति सोमवार को दे दी। थिएटरों को लाइसेंस न मिलने से मेले की रौनक फीकी पड़ गई थी और हजारों लोगों का रोजगार दांव पर लगा हुआ था । इतना ही नहीं करोड़ों रुपये निवेश कर थिएटर बनाने वाले संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था । भारत के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 1000 कलाकारों का रोजगार छिनने का खतरा मंडरा रहा था। दर्शकों की निराशा का असर मेले में आए अन्य व्यापारियों पर भी पड़ रहा था । दर्शकों एवं थिएटर संचल को एवं थिएटर से जुड़े लोगों के चेहरे पर खुशी झलक रही है।

## नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** नगर क्षेत्र को सुरक्षित करने को लेकर पहल की जाएगी। पूरे क्षेत्र में 64 सीसी कैमरा लगाकर निगरानी को मजबूत किया जाएगा। वही दस नए मास्ट लाइट लगाकर पूरे क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। मंगलवार को मुख्य पार्षद रूबी सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में उपमुख्य पार्षद धीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी बबलू कुमार, पार्षद व नपं कर्मी मौजूद थे। बैठक में नगर विकास से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा की गई। इसमें कई पर बोर्ड के सदस्यों की सहमति में प्रस्ताव लिया गया। वही मुख्य बाजार सहित नगर के कूल 64 स्थानों पर सुरक्षा को लेकर सीसी कैमरा लगाने और सुरक्षा को मजबूत करने की बता कही गई है।साफ-सफाई व्यवस्था को अधिक बेहतर करने लिए नपं नगर क्षेत्र में 260 नए डस्टबीन लगाएगी। बोर्ड की बैठक में इसका प्रस्ताव लेते हुए बताया गया कि नगर में 100 बड़े और 160 छोटे डस्टबीन को लगाया जाएगा। नगर में साफ सफाई हेतु नया संविदा निकालने का प्रस्ताव पारित किया गया। बता दे कि वर्तमान ऐजेंसी बीते दो वर्षों के कार्यशील है। ऐजेंसी के साफ सफाई के काम को लेकर कई स्तरों पर गतिरोध रहा है।

## एकमा में आखिरी दिन पैक्स अध्यक्ष के 53 व कार्यकारिणी सदस्य के 167 सहित 220 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

### पैक्स चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्राथमिकता : डॉ अरुण कुमार

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के 15 पंचायतों में पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के आखिरी दिन मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय में असहनी पंचायत से कुसुम देवी व परसा उत्तरी पंचायत से लक्ष्मी कुंवर सहित पैक्स अध्यक्ष हेतु विभिन्न पंचायतों से 18 महिला व 35 पुरुष सहित कुल 53 एवं कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु 66 महिला व 101 पुरुष सहित कुल 167 प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी सह एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार के समक्ष अपनी नामजदगी के पर्चे दाखिल किए। वहीं इसके पूर्व सोमवार को आमडाढ़ी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद हेतु प्रभाशंकर सिंह व उनकी पत्नी शोभा देवी ने अपने समर्थकों के साथ प्रखंड मुख्यालय में पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किए थे।इस संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ अरुण कुमार ने बताया कि सोमवार को दूसरे दिन पैक्स अध्यक्ष हेतु 21 व सदस्य हेतु 62 नामांकन हुए थे। नामांकन के पहले दिन विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष पद हेतु 6 एवं सदस्य पद हेतु 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किए थे। मंगलवार को नामांकन के अंतिम तिथि को अधध्य हेतु 53 व सदस्य हेतु 106 सहित कुल 220 विभिन्न कोटि के प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं। बीडीओ ने बताया कि पैक्स चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष व शांति पूर्ण वातावरण में संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। निर्वाची पदाधिकारी डॉ कुमार ने बताया कि नामांकन पत्रों की स्क्रूटिनी 20 व 21 नवंबर को होगी। नाम वापसी 23 नवंबर तक होगी। प्रत्याशियों के बीच 23 नवंबर को प्रतीक चिन्ह का आवंटन होगा। एक दिसंबर को मतदान व 2 दिसंबर को मतगणना संपन्न होगी।

## पैक्स अध्यक्ष पद के लगभग डेढ़ दर्जन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** माँझी प्रखंड में पैक्स चुनाव के नामाँकन के तीसरे दिन जबरदस्त गहमा गहमी के बीच पैक्स अध्यक्ष पद के लगभग डेढ़ दर्जन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। माँझी पूर्वी पँचायत से निवर्तमान अध्यक्ष विजय सिंह के खिलाफ किसी भी प्रत्यासी ने अपना नामाँकन नही कराया जिससे उनका निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय है। नामाँकन के अंतिम दिन माँझी पूर्वी पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष विजय सिंह गाजे बाजे एवम अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ अपने आवास मदन सिंह के टोला से पैदल प्रखंड मुख्यालय पहुँचे तथा नामांकन पत्र दाखिल किया। मंगलवार को घोरहट पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,गोबरही पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष दिलीप सिंह एवम पृथ्वी नाथ सिंह उर्फ अलगू सिंह,महम्मदपुर पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष पतिराम उपाध्याय तथा पृथ्वी नाथ उपाध्याय उर्फ सुखारी उपाध्याय,भलुआ बुजुर्ग पैक्स से विजय यादव,बलेसरा पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष सह सारण जिला कॉपरेटिव के चेयरमैन केशव सिंह,दाउदपुर पैक्स से पूर्व जिप उपाध्यक्ष विजय प्रताप उर्फ चुन्नू सिंह के पुत्र अमन प्रताप सिंह तथा विद्याशंकर सिंह,सितलपुर पैक्स से पूर्व मुखिया सह कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी,डुमरी पैक्स से बेबी देवी,मदनसाठ पैक्स से देवेन्द्र सिंह,नसीरा पैक्स से धर्मनाथ सिंह,इनायतपुर पैक्स से रामेश्वर प्रसाद,मरहा पैक्स से गौतम यादव तथा भजौना नचाप पैक्स से संजय सिंह ने नामांकन किया।

## दिव्यांग युवक की शादी के लिए महिला मुखिया ने किया पहल

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के अकबरपुर पंचायत के मोहन कोठियां के एक युवक जिसकी दोनों आंख से नहीं देखते है, वैसे लड़के की शादी एक समस्या बनी हुई थी। लेकिन रोहतास जिले की रहने वाली पिंकी कुमारी ने उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की। इस पर मुखिया सरिता देवी के प्रतिनिधि सुभाष पांडेय अपने सहयोगियों के साथ दोनों पक्षों से विचार विर्मश के उपरांत शादी करा दी। जिससे पूरे गांव सहित दिव्यांग युवक ने मुखिया के इस प्रयास की काफी सराहना करते हुए साधुवाद दिया है। मोहन कोठियां गांव निवासी स्व गजेंद्र पांडेय के पुत्र अमर नाथ शर्मा जो दोनों आंख से नहीं देख पाते है, जन्मांध है। उस युवक से रोहतास जिले सुरेन्द्र चंद्रवंशी के पुत्री पिंकी से शादी पूरे रीति रिवाज से कराई गई।



## नाबालिग किशोरी के अपहरण मामले में एक गिरफ्तार

**पानापुर(सारण)।** करीब दस माह पहले शादी की नीयत से 17 वर्षीया किशोरी के अपहरण मामले में नामजद एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अभियुक्त बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के फैजुल्लाहपुर गांव निवासी भगेन्द्र महतो बताया जाता है मालूम हो कि गत जनवरी में शौच को गयी किशोरी का शादी की नीयत से अपहरण कर लिया गया था इस मामले में अपहृता की मां ने आधे दर्जन लोगों को आरोपित किया था.

## गंडार पुल के पास बाइक दुर्घटना में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** तरैया के गंडार पुलिस के पास बाइक दुर्घटना में मशरक तख्त गांव निवासी राजकुमार साह का 30 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार, तरैया थाना क्षेत्र के घोघराहा गांव निवासी नवल साह का 23 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार और पानापुर के धनौती गांव निवासी हरि राय का 16 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार घायल हो गए। सभी बाइक से तरैया से मशरक की तरफ से आ रहे थे।

## आपसी विवाद में मारपीट में दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के तख्त टोला में आपसी विवाद में पानी गिराने के विवाद में मारपीट में दो शख्स घायल हो गए। घायल तख्त टोला गांव निवासी भोला साह की 29 वर्षीय पत्नी सोनी देवी और मो इदरीश मियां की 29 वर्षीय पुत्र इमामुद्दीन हैं। घटना के बारे में बताया गया है आपसी विवाद में पानी गिराने को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार किया। मामले में थाना पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गयी।

## अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर गांव में ऑटो दुर्घटना में 3 घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। पैसेंजर से लदी ऑटो में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें ऑटो चालक बनियापुर के धनाव गांव निवासी अरविंद उपाध्याय का 32 वर्षीय पुत्र मणी उपाध्याय और पैसेंजर मशरक तख्त टोला गांव निवासी हरेंद्र राम का 30 वर्षीय पत्नी शाति देवी,हरिचरण राम की 45 वर्षीय पत्नी ज्ञान्ति देवी हैं। ऑटो पैसेंजर बैठा कर डुमरसन जा रहा था कि चैनपुर गांव में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें घायल हो गए।

## पैक्स चुनाव को लेकर बीडीओ ने किया डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के 12 पैक्सों में दूसरे चरण में 27 को मतदान होगा। इसके लिए मंगलवार को बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने माध्यमिक उच्च विद्यालय डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। मतदान सामग्री वितरण के लिए कमरे एवं वाहनों के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालबाबू सिंह, सुधांशु कुमार, बीआरपी अमरेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। बीडीओ ने बताया कि मतदान 27 नवंबर की सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा जहां 49 मतदान केंद्रों पर 30 हजार से अधिक मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे।मतदान के बाद मतपेटी महाराजगंज के सिहौता बंगरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने ब्रजगृह में रखी जाएगी। मतगणना वहीं होगी।पैक्स चुनाव भयमुक्त व निष्पक्ष वातावरण में कराने के लिए मतदान केंद्रों पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। 26 नवंबर को माध्यमिक विद्यालय दारौंदा से मतदानकर्मी एवं पदाधिकारियों को संबंधित पंचायतों में डिस्पैच किया जाएगा। पैक्स चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण करने के लिए सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथ चिह्नित किए गए हैं। सभी बूथों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही पेट्रोलिंग एवं जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। मतदान में बाधा उत्पन्न करने वालों के साथ सख्ती से निपटने का आदेश दिया गया है।

## लड़की अपहरण कांड में फरार आरोपित गिरफ्तार, जेल

**सिवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से लड़की अपहरण मामले के आरोपित को पुअनि कामाख्या प्रसाद ने पुलिस बल के साथ छापेमारी कर रविवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मुंगेर के सफियाबाद थाना क्षेत्र के पड़हम संजीव कुमार है। उसे न्यायिक हिरासत में मंगलवार को जेल भेज दिया गया। उसके विरुद्ध सात दिसंबर, 019 को थाना कांड संख्या 317/19 दर्ज की गई थी। तब वह फरार चल रहा था।

वहीं दूसरी ओर पुलिस ने रंगदारी मामले में महाराजगंज थाना कांड संख्या 554/24 के प्राथमिकी अभियुक्त जिगरहवां निवासी प्रेमनाथ को भी गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## नामांकन के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट, पुलिस ने सुलझाया

**सिवान।** आंदर प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को अंतिम दिन पैक्स चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद के लिए काउंटर पर नामांकन कराने गए प्रत्याशी व उसके समर्थक के साथ दूसरे पक्ष द्वारा मारपीट की गई। इस दौरान पुलिस के हस्तक्षेप से मामले को सुलझा दिया गया। बताया जाता है कि जयजोर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए एक पक्ष अपराह्न करीब 2:59 बजे नामांकन कराने के लिए गया हुआ था, उसी दौरान उसका आधार कार्ड छूट गया। जब उसके समर्थक आधार कार्ड लेकर पहुंचा तो कर्मियों द्वारा नामांकन के समय समाप्त होने की बात कही गई। इस पर उम्मीदवार व उसके समर्थक से बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बकझक होने लगी। इस दौरान दूसरे पक्ष भी नामांकन करने आए उम्मीदवार व उसके समर्थक से उलझ गया। इस दौरान दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पप्पन कुमार, एसआइ सूरज कुमार, विजय कुमार, योगेंद्र कुमार, विकास कुमार, अरविंद तिवारी, सुदीश कुमार समेत दर्जनों पुलिस बल पहुंचकर मामले को शांत कराया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य स्तरीय मेडिकल टीम ने हबीबनगर स्थित एचडब्लूसी का किया निरीक्षण

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड के हबीबनगर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में राष्ट्रीय गुणवत्ता यकीन मानक से संबंधित अंकेक्षण राज्य स्तरीय मेडिकल टीम से आए डा.रवि शेखर एवं मनौवर जान लाल ने गुणवत्ता से संबंधित सभी बिंदुओं पर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इससे स्वास्थ्य सुविधाओं में और बेहतर गुणवत्ता होगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला योजना समन्वयक, जिला गुणवत्ता यकीन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.कन्हैया चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक एसरारुल हक, प्रधान लिपिक हसीर अहमद, लेखापाल कृपाशंकर प्रसाद, सीएचओ जनक नंदनी, अंजू प्रजापति, एएनएम जूली कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सदर प्रखंड में अध्यक्ष के लिए 15 व 43 ने कार्यकारिणी सदस्य के लिए किया नामांकन

### बड़हरिया में अध्यक्ष के लिए 13 कार्यकारिणी समिति सदस्य के लिए 32 ने भरा नामांकन पर्चा

**परवेज अख्तर/ सिवान।** जिले में प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) चुनाव को ले पांचवें व अंतिम चरण के तहत मंगलवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। सदर प्रखंड व बड़हरिया प्रखंड में तीन दिसंबर को होने वाले मतदान के लिए पैक्स अध्यक्ष व कार्यकारी समिति सदस्य पद के लिए पहले दिन उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन को लेकर बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के समर्थक प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचे थे। सभी अपने-अपने नेता के नामांकन के बाद गगनभेदी नारों के साथ उनको फूल मालाओं से लाद रहे थे। प्रखंड मुख्यालय प्रत्याशियों के समर्थकों से खचाखच भरा था। वहीं नामांकन के बाद वे एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा रहे थे। नामांकन को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रखंड मुख्यालय पर नामांकन को लेकर काफी गहमागहमी रही। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर नीतू प्रियदर्शी गुप्ता ने बताया कि पहले दिन कुल 58 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए 15 व कार्यकारिणी समिति के लिए 43 उम्मीदवार शामिल हैं।वहीं दूसरी ओर बड़हरिया प्रखंड के 20 पंचायतों में होने वाले चुनाव को लेकर पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए 13 और कार्यकारिणी समिति सदस्य के लिए 32 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि प्रखंड के 20 पंचायतों में पैक्स चुनाव कराया जा रहा है। इसमें कैलगढ़ उत्तर दक्षिण, पडरौना, लकड़ी दरगाह नवलपुर, कोईरीगांवा, बालापुर, सदरपुर, हाथीगई, बहादुरपुर, बहुआरा कदिर, भालुआड़ा, भांमोपली, राक्षोपाली, तेतहली, रामपुर, हरिहर लालपुर, रामपुर, हरदोबारा और सिकंदरपुर पंचायत शामिल हैं।

## खाना में नशीला पदार्थ खिलाकर संपत्ति की चोरी मामले में चार की हुई पहचान

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के शांति वट वृक्ष के समीप चार मार्च की रात दो नौकरों ने कनक मंदिर ज्वेलर्स के मालिक सहित पूरे परिवार को खाना में नशीला पदार्थ खिलाकर पचास लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर फरार हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने व्यवसायी प्रशांत पुष्कर उर्फ मिठू बाबू के आवेदन पर प्राथमिकी की थी। इस मामले में पुलिस ने अपना बयान दिया है कि घटना में शामिल चार अभियुक्तों को पहचान कर लिया गया है। जो नेपाल के है। अभी फरार चल रहे है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही है। हालांकि नेपाल से चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इस मामले में एसपी ने बताया कि मंगलवार को प्रमुख समाचार पत्र दैनिक जागरण में प्रसारित संवाद नगर थाना के संबंध में था। इस संबंध में नगर थाना अंतर्गत कांड संख्या 96/24 दिनांक पांच मार्च 24 दर्ज है। अनुसंधान के क्रम में चार अभियुक्तों के नाम एवं पता का सत्यापन किया गया, जो फरार है। उक्त सत्यापित अभियुक्त नेपाल से संबंधित है। जिसका नेपाल की पुलिस से सद्भावना स्थापित कर गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## भूमि विवाद में मारपीट, दो घायल

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के मौली के बथान समीप सोमवार की देर शाम भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। घायल की पहचान उक्त गांव निवासी अनुप कुमार व मदन कुमार के रूप में हुई। मदन ने बताया कि मेरे घर के बगल वाले से भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। उनलोगों एक साजीश के तहत हमलोगों के साथ मारपीट की। जिससे हमदोनों घायल हो गए।

## पूर्व प्रधानमंत्री का धूमधाम से मनाया गया 107वां जन्मदिवस

**सिवान।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष डाक्टर विधु शेखर पांडेय की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री सह भारत रत्न इंदिरा गांधी का 107वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कांग्रेस जनों ने उनके व्यक्तित्व और कर्तृत्व पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष ने इंदिरा गांधी को युग श्रेष्ठ, राजनीति का मानक पत्थर , निष्ठा की पराकाष्ठा और अनुशासन की देवी बताया। जिस समय पूरा विश्व भारत के लिए विरोधी विचार रखता था वैसे समय में गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश का निर्माण कर दिया। वह उनकी राजनीतिक समझदारी और कूटनीतिक विजय थी। विश्व के इतिहास में 95 हजार सैनिकों का समर्पण किसी भी युद्ध के पश्चात नहीं हुआ था। जब जयप्रकाश नारायण ने सेना को सरकार के प्रति विद्रोह के लिए कहा तो मजबूर होकर गांधी को इमरजेंसी लगानी पड़ी। लेकिन इस गलती को उन्होंने तुरंत स्वीकार करते हुए देश में आम चुनाव कराया, भले ही उसमें हार गईं। दो वर्षों में ही भारत की जनता ने प्रजातंत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने का अवसर दिया। उन्होंने भारत के गौरव को नई ऊंचाई प्रदान की। सभी कार्यकर्ता ने उनके जीवन शैली से शिक्षा लेते हुए देश के विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवधारी दुबे, रमाकांत सिंह ,शशिकांत सिंह, अनंत तिवारी, सरोज भारती, बच्चा पांडेय, जितेंद्र पांडेय, ललन सिंह, सरोज भारती, सुशील मांझी मौजूद थे।

## सिवान : अब थानेदार ने वारंट दबाया तो एप खोल देगा पूरी सच्चाई

**परवेज अख्तर/ सिवान।** अब थानेदार वारंट दबाएंगे तो एप पोल खोल देगा। पुलिस मुख्यालय ऐसा एप तैयार कराया है, उसमें हर वारंट का हिसाब रहेगा। इसे जिले में वारंट इंट्री के लिए भेजा गया है। जब तक वारंटी गिरफ्तार ने नहीं होगा और वारंट का निष्पादन नहीं होगा तब तक यह एप अधिकारी को अलर्ट करता रहेगा। अब तक थानेदार, आईओ वारंट दबाकर बैठ जा रहे थे और वारंटी मजे से घूमते थे। अब एप में ने वारंट अपलोड होते ही मुख्यालय स्तर तक से इसकी मानिटरिंग होगी। पुलिस अधिकारी पर ऊपरी दबाव पड़ने पर उन्हें वारंटी की गिरफ्तारी के लिए नियमित छापेमारी भी करनी होगी। अभी वारंट की समीक्षा होने पर थानेदार जितनी वारंट का लेखा-जोखा देते थे, उससे ही जिला मुख्यालय अवगत हो पाता था। अब कोर्ट से सीधे एसपी कार्यालय में वारंट हासिल होगा, जहां एप में वारंट की इंट्री के बाद थाने को भेजा जाएगा। इसके अलावा अगर कोर्ट से थाने में सीधे वारंट आता है तो थानेदार पहले एप में इंट्री करेंगे, फिर किसी अधिकारी की वारंट पर कार्रवाई के लिए तैनाती होगी। एप से यह भी पता चलेगा कि वारंट निष्पादन के लिए थाने के किस अधिकारी की ड्यूटी लगी है। किसी भी जिले के वारंटी को कहीं भी एप पर देखा जा सकेगा। दूसरे जिले में वारंटी छिपा है तो संबंधित जिले के पुलिस अधिकारी वारंट एप पर एक क्लिक से ही संबंधित व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि थानेदारों को एप क्रियान्वयन और उसके संबंध में सारी जानकारी दी गई है। थाना के सभी वारंट को एप में अपलोड किया जाएगा। इसके बाद जैसे-जैसे कोर्ट से वारंट हासिल होगा, अपलोड होता जाएगा। उसी तरह वारंट का निष्पादन भी थाना स्तर से ही एप पर अपडेट किया जाएगा।

## मेडिकल व इंजीनियरिंग को ले आवेदन 25 तक, 10 के छात्रों को ले सुनहरा अवसर

**बड़हरिया (सिवान)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 25 नवंबर तक की तिथि मुकर्रर की है।यह जानकारी देते हुए उच्च विद्यालय सदरपुर के शिक्षक अश्वनी कुमार ने मंगलवार को कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह बिहार में पहली बार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 50 सुपर क्लासेस चलाने का घोषणा की, इसका आवेदन 25 नवंबर तक करना है। यह योजना पूरे बिहार के नौ प्रमंडल में किया है। प्रत्येक प्रमंडल में 50-50 छात्रों का चयन करना है। इसमें शामिल होने पर नौ प्रमंडल जैसे पटना, मुजफ्फरपुर, सारण, दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया, गया और मुंगेर है। इसमें विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा बच्चों को दो वर्ष तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा देकर तैयारी कराई जाएगी। दो साल तक बच्चों को प्रति माह एक हजार रुपये छात्रवृत्ति भी दिया जाएगा। इस जिन छात्रों को किसी विषय की तैयारी अपूर्ण होने उसे पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन का समय है, जो छात्र-छात्रा इसमें सम्मिलित होना चाहते हैं वह आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह बिहार के लिए छात्रों का सुनहरा अवसर है।

## एक ही रात दो बाइक चोरी की प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर में 12 नवंबर की देर रात अज्ञात चोरों ने दो बाइक की चोरी कर ली थी। इस मामले में बाइक मालिक द्वारा थाना में अलग-अलग आवेदन देकर प्राथमिकी कराई गई है। बताया जाता है कि 12 नवंबर की रात रसूलपुर निवासी सीताराम सिंह एवं सुदामा सिंह अपने-अपने घर के दरवाजे पर बाइक खड़ी कर सो गए थे। जब सुबह नींद खुली तो उक्त स्थल से बाइक गायब पाया। काफी खोजबीन के बाद बाइक का कहीं पता नहीं चला। इस इस मामले में दोनों वाहन मालिक द्वारा अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई गई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## जहरीली शराब बेचने का नामजद आरोपित गिरफ्तार

सिवान। भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के कौड़िया वैश्य टोली सहित अन्य गांवों में अक्टूबर माह में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद तत्कालीन थानाध्यक्ष रामाशंकर साह के लिखित आवेदन पर कौड़ियां वैश्य टोली निवासी शालू सिंह उर्फ सोनू सिंह पर जहरीली शराब बेचने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई गई थी। पुलिस ने सोमवार को शालू सिंह उर्फ सोनू सिंह को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष सुजीत कुमार चौधरी ने बताया कि जहरीली शराब बेचने के आरोप में तत्कालीन थानाध्यक्ष रामाशंकर साह द्वारा 18 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस अनुसंधान के कई और शराब तस्करों का नाम जुड़ गए हैं।

## उच्च व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मैट्रिक की सेंटअप परीक्षा कदाचारमुक्त माहौल में शुरू

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** वार्षिक माध्यमिक (मैट्रिक) परीक्षा 2025 में शामिल होने से पूर्व की तैयारी की स्थिति का आंकलन करने के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के दिशा निर्देश पर जिले के 317 उच्च व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार से मैट्रिक की सेंटअप परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल शुरू हो गई है। यह परीक्षा 27 नवंबर तक चलेगी। परीक्षा दो पाली में ली जा रही है। पहली पाली पूर्वाह्न 930 बजे से अपराह्न 1245 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न 200 बजे से शाम 515 बजे तक ली जा रही है। विद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली सेंटअप परीक्षा में नियमित रूप से अध्यनरत व स्वतंत्र कोटि के परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पूर्व ही विद्यालयों में पहुंच गए थे। जहां मुख्य गेट पर गहनतापूर्वक जांच-पड़ताल के बाद प्रवेश कराया गया। उत्प्रेषण सह सेंटअप परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को पहली पाली में मातृभाषा हिंदी व दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा (संस्कृत, हिंदी, अरबी, फारसी, भोजपुरी) विषय की परीक्षा ली गई। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशानुसार सेंटअप परीक्षा छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इस एग्जाम को पास करने वाले परीक्षार्थियों को ही वार्षिक बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए आनलाइन प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा। सेंटअप परीक्षा जिला मुख्यालय समेत महाराजगंज, दारौंदा, भगवानपुर हाट, बसंतपुर, लकड़ी नबीगंज, मैरवा, गुठनी, रघुनाथपुर, सिसवन, हुसैनगंज, हसनपुरा आदि प्रखंडों के विभिन्न उच्च विद्यालयों में हुई। जानकारी के अनुसार 20 नवंबर को पहली पाली में विज्ञान और द्वितीय पाली में सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। वहीं 21 को पहली शिफ्ट में अंग्रेजी और दूसरी पाली में जनरल अंग्रेजी का पेपर होगा। जबकि 22 को अंतिम दिन ऐच्छिक विषय की परीक्षा पहली और दूसरी पाली दोनों में ही होगी।

## सक्षमता पास 5598 शिक्षकों को आज मिलेगा औपबंधिक नियुक्ति पत्र, तैयारी पूरी

### टाउन हाल में पदाधिकारियों द्वारा दिया जाएगा नियुक्ति पत्र

**परवेज अख्तर/ सिवान।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर स्थानीय निकाय शिक्षक सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एवं काउंसलिंग पूर्ण करने वाले विशिष्ट शिक्षकों को बुधवार को शहर के टाउन हाल में औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। इसको लेकर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता के निर्देश पर जिला शिक्षा विभाग द्वारा पत्र जारी करते हुए सभी स्तर से तैयारी पूरी की गई है। जानकारी के अनुसार जिला स्तर पर करीब 200 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा प्रखंडों में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रखंड मुख्यालय स्तर पर वितरण किया जाएगा। मालूम हो कि सुबह दस बजे से जिला मुख्यालय में डीईओ के स्तर से औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित शिक्षकों को उक्त स्थल पर आने के लिए सूचना भेज दी गई है। वहीं सदर एसडीओ सुनील कुमार द्वारा आयोजन स्थल पर सभी प्रकार की व्यवस्था पूरी करा ली गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में कुल 5598 सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण एवं काउंसलिंग पूर्ण करने वाले शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया जाना है। इसमें वर्ग एक से पांचवीं तक के 4346, कक्षा छह से आठवीं तक के 715, नौवीं-10वीं के 415 तथा 11वीं-12वीं के 122 शिक्षक शामिल हैं।

## खिलाड़ियों ने मनाया रानी लक्ष्मीबाई का जन्म दिवस



**दैनिक खोज खबर/मैरवा(सिवान)।** रानी लक्ष्मी बाई स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ियों ने 19 नवंबर को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिन को बड़े ही धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी सिपाही रानी लक्ष्मीबाई के तैल चित्र पर अकादमी के संस्थापक संजय पाठक एवं अन्य पदाधिकारीयों ने जहां माल्यार्पण किया। वहीं अकादमी की सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने पुष्प अर्पित कर अपने प्रेरणा स्रोत विरांगना स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई को याद किया। इस अवसर पर हिंदी के विद्वान शत्रुघन कुमार पांडे ने रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला, वहीं अरविंद कुमार ठाकुर ने रानी लक्ष्मीबाई के देश के प्रति त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला गया। सिमरन प्रवीण, निक्की कुमारी और वैष्णवी कुमारी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर रंजन कुमार ,अभिषेक कुमार प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर ब्यूटी मिश्रा ,रंजन कुमारी और दर्जनों की संख्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम ने हबीब नगर स्थित एचडब्ल्यूसी का किया जांच

**परवेज अख्तर/ सिवान।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने और पंचायत स्तर तक लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसको लेकर अब पंचायत स्तर तक के स्वास्थ्य उपकेंद्रों को बेहतर बनाते हुए उन्हें राष्ट्रीय क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट दिलाने की कवायद की जा रही है। इसी क्रम में राज्य स्तरीय टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) कार्यक्रम के तहत हुसैनगंज प्रखंड के हबीब नगर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम द्वारा मरीजों को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की गई। साथ ही एचडब्ल्यूसी में उपलब्ध सभी स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मियों की मरीजों के साथ होने वाले व्यवहारों की भी जानकारी ली गई। इसी को आधार बनाकर एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिए अंक प्रदान किया जाएगा।सिविल सर्जन डा. श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि यह मानक सुनिश्चित करता हैं कि स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावी, सुरक्षित और रोगियों की आवश्यकताओं के अनुरूप है कि नही। मूल्यांकन टीम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डा. रवि शंकर और जपाईगो से सनौवर जान लाल शामिल थे। इनके द्वारा स्थानीय हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में साफ-सफाई, उपकरणों की स्थिति सहित उक्त स्वास्थ्य संस्थान में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को मिलने वाली उपलब्ध सुविधाओं की जांच और मरीजों की देखभाल, इलाज के तरीके और रोगियों की संतुष्टि का मूल्यांकन करने के साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं और प्रोटोकाल के अनुपालन की जांच की गई। मौके पर डीपीएम विशाल कुमार, डीसीक्यूए डा.कुमार अभिमन्यु, डीपीसी इमामुल होदा, स्थानीय एमओआईसी डा.कन्हैया चौधरी, बीएचएम असरारुल हक, पीरामल स्वास्थ्य के राकेश कुमार अकेला और रानी कुमारी गुप्ता, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, एचडब्ल्यूसी की सीएचओ जनक नंदिनी के अलावा एएनएम, आशा फेसिलेटर और आशा कार्यकर्ता सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

*स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रक्रिया और परिणाम की गुणवत्ता को सुधारना एनक्वास का लक्ष्य*

## इको वैन व स्कार्पियों की टक्कर में शहर के दवा व्यवसायी प्रकाश कुमार ब्याहुत की मौत

**परवेज अख्तर /सिवान।** गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के सिसई मोड़ के समीप सोमवार की देर रात इको वैन व स्कार्पियों की टक्कर में शहर के प्रसिद्ध दवा व्यवसायी सह नगर थाना क्षेत्र के फतेहपुर चुआंठ गल्ली निवासी प्रकाश कुमार ब्याहुत की मौत हो गई। वहीं स्कार्पियों सवार दो लोग घायल हो गए। उनका इलाज किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्वजन व्यवसायी को सदर अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। घटना के दौरान दोनों गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। पुलिस ने दोनों गाड़ी को जब्त कर थाना भेज दिया। व्यवसायी की मौत के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मंगलवार की सुबह फतेहपुर चुआंठ गल्ली स्थित सभी दुकानें बंद रहीं, सभी दुकानदारों ने शोक मनाया। मिली जानकारी के अनुसार दवा व्यवसायी प्रकाश कुमार ब्याहुत सोमवार को पटना दुकान का सामान लेने गए थे। देर रात अपनी इको वैन से सिवान आ रहे थे तभी सिसई मोड़ के समीप एक स्कार्पियों में टक्कर हो गई। टक्कर के दौरान प्रकाश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि स्कार्पियों सवार दो लोग घायल हो गए। जो किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए चले गए। घटना के बाद प्रकाश के स्वजनों ने जब गाड़ी में लगे जीपीएस की जांच की तो पता चल की करीब एक घंटे से गाड़ी सिसई मोड़ पर खड़ी है। इसके बाद स्वजन घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि गाड़ी में प्रकाश की मौत हो गई है।



## 18 बोतल शराब के साथ दो गिरफ्तार

**सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के पीदेवी मोड़ समीप गश्त दल ने 18 बोतल शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शराब के साथ बसंतपुर निवासी आदित्य राज व शुभम कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## पूर्व के विवाद में युवक के साथ मारपीट मामले में प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बघौनी निवासी कलावती देवी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही छह लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि चार नवंबर शाम मेरा पुत्र अजीत कुमार यादव गाय चराकर घर लौट रहा था। तभी पूर्व के विवाद को लेकर बघौनी बलुआ टोला निवासी सूरज राम, आयुष राम, धर्मेंद्र राम, मुन्ना राम, रमावती देवी एवं तारामती देवी द्वारा उस पर लाठी-डंडा व चाकू से प्रहार कर घायल कर दिया गया तथा उसकी मोबाइल तथा गले से सोने की चेन छीन लिया गया। इस मामले में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्य सचिव ने की विभिन्न विभागों के कार्यकलापों की समीक्षा

सिवान। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माह के तीसरे मंगलवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्धारित विभागों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में भवन निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग,पर्यटन विभाग एवं योजना एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान इन विभागों के प्रधान सचिव/ सचिव के द्वारा एजेंडा-वार पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रगति की विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में मुख्य सचिव ने पदाधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने हेतु निर्देश दिए।

## मुख्य सचिव ने की विभिन्न विभागों के कार्यकलापों की समीक्षा

**सिवान।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार माह के तीसरे मंगलवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्धारित विभागों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में भवन निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ऊर्जा विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग,पर्यटन विभाग एवं योजना एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान इन विभागों के प्रधान सचिव/ सचिव के द्वारा एजेंडा-वार पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रगति की विस्तार से जानकारी दी गई। अंत में मुख्य सचिव ने पदाधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने हेतु निर्देश दिए।

## सिवान : स्नातक पार्ट थर्ड की परीक्षा में तीसरे दिन 45 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**परवेज अख्तर/ सिवान।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा से संबद्ध व अंगीभूत महाविद्यालयों के स्नातक पार्ट थर्ड सत्र 2020-23 की तीनों संकाय की परीक्षा मंगलवार को तीसरे दिन भी तीनों केंद्रों पर कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण माहौल में जारी रही। जानकारी के अनुसार शहर के डीएवी पीजी कालेज, जेडए इस्लामिया कालेज व राजा सिंह महाविद्यालय में आयोजित परीक्षा के तीसरे दिन कदाचार के आरोप में एक भी परीक्षार्थी को परीक्षा से निष्कासित नहीं किया गया। वहीं दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 45 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डीएवी कालेज के केंद्राधीक्षक डा.केपी गोस्वामी ने बताया कि प्रथम पाली में 396 में 383 उपस्थित हुए। वहीं 13 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल आवंटित 494 में 481 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 13 अनुपस्थित रहे। जेडए इस्लामिया कालेज के केंद्राधीक्षक ने बताया कि पहली पाली में 234 में 234 उपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 319 में 308 उपस्थित रहे। जबकि 11 अनुपस्थित रहे। वहीं राजा सिंह कालेज में प्रथम पाली में 186 में 184 उपस्थित व दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में 260 में 254 उपस्थित व छह अनुपस्थित रहे।

